Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

माँ कालरात्रि

वर्ष: 6 अंक: 268 | सोमवार , 29 सितंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

**ऑपरेशन तिलक**

- तिलक वर्मा ने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली, कुलदीप यादव ने चार विकेट चटकाए
- 41 साल के इतिहास में पहली बार फाइनल में दोनों टीमें आमने-सामने हुईं

# भारत ने पाकिस्तान को हराकर जीता एशिया कप

नई दिल्ली।

एशिया कप 2025 के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को पटखनी दी। 41 साल के इतिहास में पहली बार फाइनल में दोनों टीमें आमने-सामने हुईं। तिलक वर्मा ने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली।

कुलदीप यादव ने चार विकेट चटकाए। एशिया कप पिछली बार 2023 में वनडे फॉर्मेट में खेला गया था। तब फाइनल में भारत ने श्रीलंका को हराकर ट्रॉफी जीती थी। इस बार एशिया कप टी20 फॉर्मेट में खेला गया। फॉर्मेट बदलने के साथ ही प्राइज मनी में भी इजाफा हुआ। भारत ने अवार्ड लेने से किया मनाहालांकि, चैंपियन भारतीय टीम ने अवॉर्ड लेने से मना कर दिया। भारत ने न ही पाकिस्तान टीम से हाथ मिलाया और न ही एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी से अवॉर्ड लिया।

## टीम इंडिया ने नहीं लिए अवॉर्ड्स मोहसिन नकवी को सरेआम किया बेइज्जत

पाकिस्तान को उप-विजेता रहने पर 75,000 डॉलर (लगभग 67 लाख रुपये) मिले। टीम पुरस्कारों के साथ-साथ व्यक्तिगत खिलाड़ी पुरस्कार भी दिए गए। इनमें प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज के साथ प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट जैसे अवॉर्ड शामिल रहे। अभिषेक शर्मा को प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट चुना गया। अभिषेक शर्मा ने पूरे एशिया कप में दमदार प्रदर्शन किया। फाइनल को छोड़कर उन्होंने सभी मैच में 20 से ज्यादा रन बनाए। अभिषेक ने 7 मैच की 7 पारियों में कुल 314 रन बनाए। इसमें तीन अर्धशतक शामिल रहे। इस दौरान 200 का स्ट्राइक रेट रहा। वहीं, कुलदीप यादव टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। कुलदीप ने 7 मैच की सात पारियों में कुल 17 विकेट चटकाए। इसमें दो बार 4 विकेट हॉल शामिल है। कुलदीप का इकॉनामी रेट 6.28 रहा।



### पाकिस्तान पर भारत की जीत के बाद पीएम मोदी की प्रतिक्रिया



**नई दिल्ली।** भारत ने रणभूमि के बाद क्रिकेट के मैदान पर भी अपना दम दिखाया और पाकिस्तान टीम को तीन बार टूनार्मेंट में पटखनी दी जिसमें खिताबी मुकाबला भी शामिल है। एशिया कप में भारत की जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रतिक्रिया दी है। एशिया कप में भारत की जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए इस जीत को ऑपरेशन सिंदूर से जोड़ा है। भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर जीत दर्ज की है। भारत पूरे टूनार्मेंट में अजेय रहा और आखिरकार खिताब अपने नाम करने में सफल हुआ।

ऑपरेशन सिंदूर के नाम से चलाया था सैन्य अभियान

भारत की खिताबी जीत के बाद पीएम मोदी ने लिखा, 'खेल के मैदान पर भी ऑपरेशन सिंदूर।

## अमिताभ बच्चन ने मनाया टीम इंडिया की जीत का जश्न, अनुपम खेर समेत कई सेलेब्स ने दी बधाई



नई दिल्ली।

भारत ने 9वीं बार एशिया कप जीत लिया है। 14 दिन में पाकिस्तान को तीसरी बार हराकर फाइनल में चमके तिलक और कुलदीप।

भारत की जीत पर कई सेलेब्स ने अपनी खुशी सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। आज भारत ने 2025 एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया है। फाइनल में टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 5 विकेट से रौंदकर जीत हासिल कर ली है, जिससे हर किसी भारतीय के लिए यह किसी बड़े जश्न जैसा है। भारत की जीत पर अभिनेता अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर, आर जे महवश, अर्जुन रामपाल और मुनव्वर फारूकी ने अपना रिएक्शन दिया है। अनुपम खेर ने भारत की जीत पर एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। इस वीडियो में अनुपम भारत की जीत पर बेहद खुश नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट के साथ अनुपम ने कैप्शन में लिखा, 'भारत माता की जय!' मुनव्वर फारूकी ने भारत की जीत पर इंस्टाग्राम स्टोरी पर क्रिकेट मैच का एक वीडियो शेयर किया।

## चीन ने भारतीय दवा उत्पादों से पूरा 30% शुल्क हटाया

नई दिल्ली।



भारत को दुनिया की फामेर्सी के रूप में जाना जाता है। भारत दुनिया भर को जेनेरिक दवाएं और टीके का निर्यात करता है। अब चीन की ओर से आयात शुल्क शून्य करते हुए अपना बाजार खोलने से भारतीय फार्मा कंपनियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्हें दुनिया की दूसरी सबसे अधिक आबादी वाले चीन के बड़े बाजार में समान अवसर और बेहतर पहुंच मिलेगी। चीन ने भारत के दवा उत्पादों पर 30 फीसदी आयात शुल्क को घटाकर शून्य कर दिया है। चीन ने यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से फार्मा आयात पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने के ठीक बाद उठाया है। इस फैसले के बाद भारत की दवा बनाने वाली कंपनियां बिना किसी सीमा शुल्क के चीन को दवाएं निर्यात कर सकेंगी। ट्रंप के टैरिफ से अमेरिकी बाजार में लागत बढ़ने के बीच चीन का यह फैसला भारतीय कंपनियों को सस्ती दवाओं की मजबूत मांग वाले वैकल्पिक बाजार के तौर पर उभर सकता है। इससे आने वाले समय में भारतीय दवा निर्यात में अरबों डॉलर की बढ़ोतरी हो सकती है। दो दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने फार्मा उत्पादों सहित कई चीजों पर आयात शुल्क बढ़ा दिया था। इनमें फार्मा उत्पादों पर 100 फीसदी का शुल्क प्रमुख था। यह बढ़ा हुआ शुल्क एक अक्तूबर से प्रभावी होगा। जिसके बाद दवाइयों से लेकर भारी ट्रकों तक आयातित सामान महंगे हो जाएंगे।

## स्वास्थ्य शिक्षा पाठ्यक्रम में आयुर्वेद को शामिल करने पर काम जारी

नई दिल्ली।



आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि सरकार का लक्ष्य स्कूलों और कालेजों में स्वास्थ्य शिक्षा पाठ्यक्रम में आयुर्वेद को शामिल करना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम माड्यूल तैयार करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं ताकि युवा पीढ़ी समग्र स्वास्थ्य के सिद्धांतों से जुड़ सके।

## बांद्रा-अमृतसर पश्चिम एक्सप्रेस के दो बार अलग हुए डिब्बे, यात्री सुरक्षित


नई दिल्ली।

महाराष्ट्र और गुजरात में रविवार को एक घंटे के भीतर बांद्रा टर्मिनस से अमृतसर जाने वाली पश्चिम एक्सप्रेस के डिब्बों के अलग होने की दो घटनाएं सामने आईं। इससे यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। अधिकारियों के अनुसार, पहली घटना दोपहर 1:19 बजे वनगांव और दहानू स्टेशनों के बीच और दूसरी घटना दोपहर लगभग 2:10 बजे गुजरात के संजन स्टेशन पर हुई। पश्चिम रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं पहुंची। न ही उन्हें किसी तरह की असुविधा हुई।



## मोहन भागवत ने लॉन्च किया संघ गीत एल्बम, मातृभूमि को समर्पण बताया

नई दिल्ली।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को आरएसएस के गीतों के संग्रह संघ गीत एल्बम लांच किया और इसे मातृभूमि के प्रति समर्पण बताया।

भागवत ने नागपुर में आयोजित समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी शामिल हुए। संघ गीत एल्बम में प्रसिद्ध गायक शंकर महादेवन द्वारा गाए गए 25 गीत शामिल हैं।भागवत ने कहा, संघ गीत संघ गीत मातृभूमि के प्रति समर्पण और जीवन की साधना से सृजित हुए हैं। आरएसएस के पास हर भारतीय भाषा में गीत हैं, जिनकी कुल संख्या 25 हजार से 30 हजार के बीच होने का अनुमान है। भागवत ने इस बात पर जोर दिया कि इन गीतों का सार समर्पण की भावना में निहित है, और अक्सर उनके रचनाकारों के नामों का पता लगाना कठिन होता है। उन्होंने यह भी कहा कि संघ गीत गाना आसान काम नहीं है। महादेवन ने इन्हें एक सच्चे स्वयंसेवक की भावना के साथ गाया। आरएसएस की अनूठी कार्यशैली के बारे में भागवत ने कहा, आरएसएस की कार्यशैली की सीमा है जिसे पार नहीं किया जा सकता। आरएसएस की कार्यप्रणाली अद्वितीय और बेजोड़ है। गडकरी ने संघ गीत की लांचिंग को ऐतिहासिक घटना बताया। उन्होंने कहा कि ये गीत देशभक्ति के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेंगे। फडणवीस ने कहा कि हर संघ गीत प्रेरणादायक है और जीवन जीने के मूल्यवान पाठ सिखाता है।

## टीवीके को सार्वजनिक समारोह करने से रोकने की मांग




नई दिल्ली।

करूर रैली में भगदड़ से कम से कम 40 लोगों की मौत के बाद मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर हुई है, जिसमें अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके को जांच पूरी होने तक सार्वजनिक समारोह करने से रोकने की मांग की गई है। मद्रास हाईकोर्ट ने रविवार को उस याचिका पर सुनवाई की, जिसमें अभिनेता-राजनेता सी. जोसेफ विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) को करूर भगदड़ की आधिकारिक जांच पूरी होने तक किसी भी सार्वजनिक समारोह, रैली या कार्यक्रम आयोजित करने से रोकने की मांग की गई है। मद्रास हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एन सेंथिलकुमार ने शाम 4:30 बजे एक तत्काल याचिका पर सुनवाई की, जिसमें विजय की पार्टी टीवीके को सार्वजनिक समारोहों, रैलियों या सभाओं से रोकने की मांग की गई थी। यह याचिका शनिवार को करूर में हुई घटना के बाद दायर की गई, जहां टीवीके के प्रचार कार्यक्रम में भारी भीड़ के कारण भगदड़ मच गई और कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई। जबकि दर्जनों लोग घायल हो गए।

## संपादक की कलम से

# रेवडियों के साझेदार पीएम


ललित शर्मा
संपादक

प्रधानमंत्री मोदी ने 16 जुलाई, 2022 को पहली बार यह संवेदनशील बयान दिया था कि जो दल और नेता रेवडियां बांट कर वोट बटोरने में लगे हैं, इनसे एक दिन देश की अर्थव्यवस्था बर्बाद हो सकती है। प्रधानमंत्री के कथन के भाव यही थे, बेशक शब्द अलग थे। उसके बाद प्रधानमंत्री ने दसियों बार इस बयान को दोहराया है। प्रधानमंत्री व्यापक संदर्भ में बिल्कुल सही कहते रहे हैं, क्योंकि देश पर करीब 225 लाख करोड़ रुपए के कर्ज का बोझ है। विश्व बैंक ने दुनिया के सबसे कर्जदार देशों का आकलन दिया है। बेशक भारत की अर्थव्यवस्था 4 ट्रिलियन डॉलर से अधिक है, लेकिन कर्ज का ब्याज चुकाने में ही 3.25 लाख करोड़ रुपए निकल जाते हैं। यकीनन यह बहुत बड़ी राशि है। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी ने देश पर कर्ज का कभी खुलासा नहीं किया, लेकिन अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां सभी के भीतरी यथार्थ जानती हैं। विडंबना यह है कि 2024 का लोकसभा चुनाव जीतने और अंतत: गठबंधन सरकार का प्रधानमंत्री (कुल तीसरी बार) बनने के बाद वह अपने ही कथन को झुठलाते हुए विभिन्न विधानसभा चुनावों में, राज्य सरकारों द्वारा लगातार रेवडियां घोषित करने और बांटने में साझेदार रहे हैं। यह चारित्रिक और वैचारिक विरोधाभास है। ताजातरीन मामला बिहार का है, जहां महिला रोजगार योजना के तहत 10,000 रुपए एकमुश्त प्रधानमंत्री ने 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में ट्रांसफर किए हैं। अभी 25 लाख और महिलाओं को भी यह राशि दी जानी है। यानी कुल 10,000 करोड़ रुपए प्रधानमंत्री और बिहार की एनडीए सरकार ने उस रणनीति के तहत बांटे हैं, ताकि महिलाओं के अधिकाधिक वोट हासिल किए जा सकें। इस संदर्भ में एक और यथार्थ सामने आया है कि यह राशि या तो बैंक ही कर्ज की किस्त के तौर पर काट लेगा अथवा सूदखोर अपना ब्याज लेने धमक पड़ेगा अथवा कोई और कारण होगा कि बहुधा महिलाएं खाली हाथ ही रहेंगी! इस योजना पर 2.10 लाख करोड़ रुपए का बजट तय किया गया है। सवाल है कि पैसा कहां से आएगा? पैसा पेड़ों पर उगता है क्या? खुद प्रधानमंत्री मानते रहे हैं, लेकिन ऐसी रेवडियों से नागरिकों को परजीवी क्यों बनाया जा रहा है? बिहार में आर्थिक विरोधाभास गजब का है कि राज्य का बजट 3.16 लाख करोड़ रुपए का है और कर्ज 3.70 लाख करोड़ रुपए का है। बीते दिनों अखबारों में हरियाणा सरकार का विज्ञापन छपा था। अब हरियाणा की भाजपा सरकार ने भी करीब 22 लाख लाडो लक्ष्मी को 2100 रुपए प्रति माह देने की घोषणा की है। हरियाणा सरकार पर भी मार्च, 2025 तक 3.17 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज था। तय है कि कर्ज बढ़ रहा होगा! पंजाब में फरवरी, 2022 में चुनाव हुए थे। तब आम आदमी पार्टी ने प्रत्येक पात्र महिला को 1000 रुपए प्रति माह देने की रेवड़ी की घोषणा की थी। अब सितंबर, 2025 समाप्ति की ओर है, लेकिन आप सरकार अपना वायदा पूरा नहीं कर पाई है, क्योंकि वर्ष 2025-26 में उस पर 4.17 लाख करोड़ रुपए से अधिक के कर्ज का अनुमान है। महाराष्ट्र में भी भाजपा नेतृत्व की सरकार है। वहां चुनावी मुद्दा बना-लाडली बहिना। बेशक वहां की सरकार 2100 रुपए प्रति माह पात्र महिलाओं को दे रही है, लेकिन घाटे का बजट होने के कारण 26.34 लाख महिलाओं के नाम काटने पड़े। महाराष्ट्र सरकार पर मार्च, 2026 तक 9.3 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज हो सकता है। आकलन है कि देश के 11 राज्य कर्ज लेकर रेवडियां बांट रहे हैं। नतीजतन देश की अर्थव्यवस्था कहां तक जाएगी, आसानी से अनुमान लगाया जा सकता है। ये कर्जदार राज्य, अंतत:, केंद्र सरकार से पैसा मांगेंगे और केंद्र का भी कर्ज बढ़ता रहेगा। क्या ऐसी अर्थव्यवस्था के साथ भारत विश्व की आर्थिक महाशक्ति बन सकता है? प्रधानमंत्री इस स्थिति पर गौर करें और रेवड़ीहीन राजनीति की पहल खुद करें। बिहार में जो 10,000 रुपए दिए गए हैं, उससे कौनसा रेहड़ी-पटरी वाला धंधा भी शुरू किया जा सकता है, कृपया बताएं। देश की आर्थिकी विश्व में चौथे स्थान पर है, इसमें उनका योगदान महत्वपूर्ण है, जिन्होंने लगातार कर की अदायगी की है। उनका मेहनत का पैसा रेवडियों में न फूंका जाए। दिल्ली की बात हो, पंजाब की बात हो या किसी अन्य राज्य की बात हो, हर जगह रेवडियां बांट कर ही सरकारें बन रही हैं। इसके बजाय होना तो यह चाहिए कि हर वर्ग को वास्तविक रूप में सशक्त बनाने की ठोस योजना बननी चाहिए। सभी वर्गों, खासकर युवाओं को काम देकर उनका सशक्तिकरण किया जाना चाहिए।

## सांतवा नवरात्रा

# साहस व शक्ति की देवी मां कालरात्रि की कैसे करें पूजा? क्या है उनका प्रिय भोग और रंग?



*शक्ति की पूजा के इस पावन पर्व में सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा होती है। ऐसी मान्यता है कि जो मां के इस रूप की पूजा पूरे मनायोग करते हैं उनको मां साहस शक्ति और आत्मविश्वास प्रदान करती हैं। मां कालरात्रि का शुभ रंग नीला या ग्रे माना जाता है। शारदीय नवरात्रि के सातवें दिन मां दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की पूजा की जाती है। मां का यह स्वरूप भय, अंधकार और नकारात्मक शक्तियों का नाश करता है।*

### पूजा विधि

सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें।
मां कालरात्रि की प्रतिमा या चित्र को गंगाजल से स्नान कराएं।
मां को रोली, कुमकुम, अक्षत, फूल, धूप, दीप आदि अर्पित करें।
मां की आरती करें और दुर्गा चालीसा या दुर्गा सप्तशती का पाठ करें।

### जानें प्रिय रंग

मां कालरात्रि का शुभ रंग नीला या ग्रे है।
मां को लाल रंग के वस्त्र अर्पित करना भी शुभ माना जाता है
मां कालरात्रि की पूजा से लाभ
मां कालरात्रि की पूजा से भक्तों को साहस, शक्ति और आत्मविश्वास प्राप्त होता है।
मां कालरात्रि भक्तों की काल से रक्षा करती हैं और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करती हैं।
मां की पूजा से भूत, प्रेत और नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है।

### शुभंकरी भी कहा गया

तांत्रिक आचार्य लक्ष्मण चौबे ने कहा कि इनकी आराधना से भक्तों के आसपास की बुरी शक्तियां खुद ब खुद खत्म हो जाती हैं। इससे भक्त को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। कार्य की बाधाएं दूर हो जाती हैं। इसलिए मां के इस स्वरूप को शुभंकरी भी कहा गया है। नवरात्रि की देवी कालरात्रि मां दुर्गा का सप्तम रूप है।

### पूजा के लिए मंत्र

ॐ कालरात्रि देव्यै नम:
ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै
ऊं कालरात्रि दैव्ये नम:
या देवी सर्वभूतेषु मां
कालरात्रि रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै
नमस्तस्यै नमो नम:
मां का प्रिय भोग
मां कालरात्रि को गुड़ और चने का भोग लगाना शुभ माना जाता है।
मां को शहद का भोग भी अर्पित किया जा सकता है।
गुड़ और चने का भोग लगाने से शोक और कष्ट दूर होते हैं

## मोनिका डागा

### मॉ महाकाली

कविता



शेर पर सवार मात अष्टभुजाओं वाली,
तू ही चंडिका चामुंडा मॉ महाकाली,
दुख हरनी सुख करणी हे जगदंबा मैया,
जगत जननी जय हो आदि शक्ति मैहरोवाली ।

तेरे दर पर करें प्रार्थना माता ज्योतावाली,
कष्टों को मिटा जीवन में ला दो हरियाली,
त्रिभुवनेश्वरी महाशक्ति हे अंबा मैया,
सुनो पुकार शीश झुकाए खड़ा मात सवाली ।

विघ्न बाधाओं को मॉ दूर करने वाली,
दुष्टों की है काल देवी भक्तों की रखवाली,
परमेश्वरी कृपामयी हे महालक्ष्मी मैया,
भर दो झोली ₹आनंद₹ करणी गुफाओं वाली ।

शरण में आने वाले की लाज रखती मातारानी,
सारे शत्रुओं का दमन करती उमा महारानी,
शंख चक्र गदा पद्म कर शोभित हे अष्टभुजी मैया,
खड्ग खप्पर कृपाण नाना अस्त्र-शस्त्र धारिणी ।

सुना है सब अपराध माफ करती है पहाड़ों वाली,
विनती सुन लो मेरी भी ऊँचे-ऊँचे भवनों वाली,
त्रिपुर सुंदरी करूणामयी हे विंध्यवासिनी मैया,
जय जयकार मात तेरी करता हूँ मंदिरों वाली ।

# विश्व हृदय दिवस 2025-हृदय स्वास्थ्य एक वैश्विक समस्या- सावधानी बरतें जीवन बचाएं- एक धड़कन न चूकें

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ तेजी से बदल रही है जिसके कारण बदलती मानवीय जीवनशैली का सबसे गंभीर प्रभाव मानव हृदय पर पड़ा है। आज हृदय रोग केवल वृद्धावस्था तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि यह युवाओं में भी बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। वैश्विक स्तर पर हर साल लाखों लोग दिल से जुड़ी बीमारियों के कारण अपनी जान गंवा रहे हैं।पिछले दो-तीन वर्षों से कम उम्र के लोगों में हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़ते हुए देखे गए हैं।पचास वर्ष से कम उम्र के 50 फीसदी और 40 वर्ष से कम उम्र के 25 फीसदी लोगों में हार्ट अटैक का जोखिम देखा गया है कुछ वर्षों पूर्व पुरुषों की तुलना में महिलाओं में हार्ट अटैक के मामले कम थे।एक नए शोध में यह हृदय रोग अब बराबर देखे गए।हृदय रोगियों की संख्या में वृद्धि हुई। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि कुछ वर्षों पूर्व वृद्धावस्था में होने वाली इस बीमारी ने युवकों को भी शिकार बना लिया है।वर्तमान में हार्ट अटैक युवाओं में होने के अनेकों - अनेक कारणों का समावेश होता रहा है!इसमें आधुनिक खान- पान और जीवन शैली महत्वपूर्ण है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनियाँ के कुल हृदय रोगियों में से 60 प्रतिशत मरीज अकेले भारत में ही होने की संभावना व्यक्ति की गई है।इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए हर वर्ष 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है।वर्ष 2025 का विषय है ‌एक धड़कन न चूकें‌ यह संदेश केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि एक सामूहिक चेतावनी है कि यदि अब भी लोग, समाज और सरकारें सक्रिय नहीं हुए तो हृदय रोग एक वैश्विक महामारी का रूप ले लेगा। चूँकिहार्ट अटैक समस्या का संभावित समाधान- जीवनशैली में सख़्त आचार संहिता अपनाकर असामाइक मौतों को रोकने में सहभागी बनें इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,विश्व हृदय दिवस 2025- हृदय स्वास्थ्य एक वैश्विक समस्या- ₹सावधानी बरतें जीवन बचाएं₹-₹एक धड़कन न चूकें₹




साथियों बात अगर हम हार्ट अटैक क्या है और कैसे होता है? इसको समझने की करें तो, हार्टअटैक, इसे चिकित्सकीय भाषा में मायोकार्डियलइंफार्क्शन कहा जाता है, तब होता है जब हृदय की मांसपेशियों तक रक्त का प्रवाह अचानक बाधित हो जाता है। यह स्थिति प्रायः तब उत्पन्न होती है जब कोरोनरी आर्टरी (हृदय की रक्तवाहिका) में प्लाक (कोलेस्ट्रॉल, वसा और अन्य तत्वों का जमाव) जमा होकर ब्लॉकेज पैदा कर देता है। इस ब्लॉकेज से हृदय की मांसपेशियों को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलती और परिणामस्वरूप हृदय की कोशिकाएं मरने लगती हैं। यदि समय पर इलाज न मिले तो यह व्यक्ति की जान भी ले सकता है।इसके लक्षण कई बार अचानक और गंभीर हो सकते हैं जैसे- सीने में तेज दर्द या दबाव, पसीना आना, सांस फूलना, जबड़े या बांह में दर्द, मतली या बेहोशी। वहीं, कुछ मामलों में हल्के संकेत भी मिलते हैं जिन्हें लोग सामान्य थकान या गैस समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, और यही लापरवाही जीवन के लिए घातक सिद्ध होती है।


गोंदिया

साथियों बात अगर हम जीवनशैली और हार्ट अटैक का संबंध को समझने की करें तो,आधुनिक युग की भागदौड़ भरी जीवनशैली हृदय के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुकी है। अधिकतर मामलों में पाया गया है कि हृदय रोग सीधे-सीधे व्यक्ति की आदतों और दिनचर्या से जुड़े होते हैं।(1)अस्वास्थ्यकर आहार- जंक फूड, तैलीय और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ, उच्च नमक और चीनी का सेवन हृदय पर भार डालते हैं। (2) शारीरिक निष्क्रियता- लंबे समय तक बैठे रहने और व्यायाम न करने से मोटापा, डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर बढ़ते हैं।(3)धूम्रपान व शराब का सेवन- तंबाकू और अल्कोहल हृदय की धमनियों को नुकसान पहुंचाते हैं।(4)तनाव और अनियमित नींद- मानसिक दबाव और नींद की कमी हार्मोनल असंतुलन पैदा कर हृदय रोग का खतरा बढ़ाते हैं।यानी, यदि व्यक्ति अपने जीवनशैली विकल्पों में बदलाव कर ले तो हृदय रोग से होने वाले 80 फीसदी समयपूर्व मौतों को रोका जा सकता है।

साथियों बात अगर हम विश्व हृदय दिवस 29 सितंबर 2025 को एक वैश्विक बहुभाषी अभियान को समझने की करें तो,हर वर्ष 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। यह केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं बल्कि एक वैश्विक अभियान है जिसमें विभिन्न भाषाओं, संस्कृतियों और देशों को एक मंच पर लाकर हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाता है।(1) स्कूल,कॉलेज औरविश्वविद्यालयों में हेल्थ कैम्प और सेमिनार आयोजित होते हैं।(2)अस्पताल और स्वास्थ्य संगठन मुफ्त जांच शिविर और परामर्श सेवाएं प्रदान करते हैं।(3) डिजिटल माध्यमों पर सोशल मीडिया कैंपेन चलाए जाते हैं।(4) सरकारें और अंतरराष्ट्रीय संगठन मिलकर नीतिगत हस्तक्षेप की दिशा में कदम उठाते हैं।इस दिन का मुख्य उद्देश्य लोगों को याद दिलाना है कि उनका हृदय ही उनकी जीवन शक्ति है और उसकी देखभाल सबसे पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए।2025 की थीम-₹एक धड़कन न चूकें₹ इसका गहरा अर्थ है। यह लोगों को यह समझाने का प्रयास है, (1)हृदय स्वास्थ्य में लापरवाही की कोई जगह नहीं है (2) समय- समय पर स्वास्थ्य जांच कराना जरूरी है।(3)चेतावनी संकेतों (जैसे सांस फूलना, थकान, सीने में दर्द) को कभी नजरअंदाज न करें।(5)स्वस्थ आदतों को निरंतर बनाए रखना चाहिए, चाहे व्यक्ति पूरी तरह स्वस्थ क्यों न दिखे।(6)समय पर चिकित्सा सहायता लेना ही जीवन बचाने का सबसे प्रभावी उपाय है।(7)चिप्स, फ्रेंच फ्राइज ,कैंडी, आइसक्रीम, चॉकलेट, कोक, और सोडा जैसी हाई काबोर्हाइडेड, शुगर ओर पेंटी, फैटी एसिड वाली चीजों को कंफर्ट फूड में रखा गया है। इनसे हार्ट अटैक का रोग खतरा 33% बढ़ जाता है। यदि प्रतिदिन लगभग 800/900 ग्राम फल और सब्जियां खाते हैं ,तो उनमें हार्ट अटैक का खतरा लगभग 30% कम होता है। हृदयाघात की जोखिम बढ़ने के 6 कारणों में से 4 कारण तो जीवनशैली से जुड़े है,जिन्हें नियन्त्रित कर हृदय घात के खतरे को काफी कम करके दिल को मजबूत किया जा सकता। उपरोक्त थीम वैश्विक स्तरपर एक चेतावनी है कि हम सभी को अपने और अपने प्रियजनों के हृदय की जिम्मेदारी लेनी होगी।

साथियों बात अगर हम इस जागरण अभियान में सरकारों और समाज की भूमिका को समझने की करें तो,(1)हृदय स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं है। इसमेंसरकारों और समाजों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है (2) सरकारें किफायती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करें।(3)ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में हृदय रोग की जांच और इलाज की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।(4)खाद्य उद्योगों को नियमन में लाकर अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों पर नियंत्रण किया जाए।(5)स्कूलों में बच्चों को बचपन से ही स्वास्थ्य शिक्षा दी जाए।(6)कार्यस्थलों पर तनाव प्रबंधन और फिटनेस कार्यक्रम शुरू किए जाएं।(7) यदि यह प्रयास सामूहिक रूप से किए जाएं तो आने वाले वर्षों में हृदय रोग के मामलों में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विशेषण करें तो हम पाएंगे कि,विश्व हृदय दिवस 2025 केवल एक तारीख नहीं है,यह दुनियाँ के हर नागरिक के लिए एक याद दिलाने वाला अवसर है कि हृदय की धड़कन अमूल्य है ‌एक धड़कन न चूकें‌ केवल एक नारा नहीं बल्कि एक जीवन मंत्र है। हृदय स्वास्थ्य के लिए व्यक्तिगत जिम्मेदारी, सामूहिक प्रयास और सरकारी नीतियां तीनों जरूरी हैं। यदि लोग आज ही स्वस्थ जीवनशैली अपनाना शुरू करें, समय पर जांच कराएं और चेतावनी संकेतों को गंभीरता से लें तो असामयिक मौतों को रोका जा सकता है।हृदय एक बार रुक जाए तो जीवन ठहर जाता है, इसलिए अब समय है कि दुनिया भर की सरकारें, समाज और व्यक्ति मिलकर यह संकल्प लें कि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ और मजबूत हृदय की धड़कन उपहार में देंगे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# श्रीरामलीला महोत्सव: भक्ति , कला और संस्कृति का अद्भुत संगम

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**




**रामपुर।** रविवार की रात उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड भक्ति, कला और संस्कृति के रंगों से सराबोर हो उठा। मानो अयोध्या की पावन धरती ही रामपुर में उतर आई हो। श्रद्धा और उत्साह की ऐसी छटा बिखरी कि हर दर्शक देर रात तक वहां से हटने को तैयार ही नहीं था।

सुबह का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की रास और निकुंज लीलाओं से हुआ। बालकृष्ण की माखन चोरी की नटखट अदाओं ने बच्चों को ठहाकों से भर दिया, वहीं बुजुर्ग भक्ति भाव में डूबकर भाव-विभोर हो उठे। माहौल इतना जीवंत हो गया कि हर किसी को लगा मानो वे स्वयं वृंदावन की गलियों में विचरण कर रहे हों। रात का भव्य मंचन शाम ढलते ही रामलीला मैदान दैदीप्यमान रोशनी, भजनों और मंत्रोच्चार से जगमगाने लगा। रात 8:30 बजे वृंदावन से आए कलाकारों ने मंच संभाला और बालि वध, मायावी की कथा, सीता जी की खोज, संपाती मिलन और लंका दहन जैसे प्रसंगों को इतने जीवंत अंदाज में प्रस्तुत किया कि दर्शकों की आंखें भर आईं। हर दृश्य पर ह्लजय श्रीरामह्व के गगनभेदी नारों और तालियों की गूंज ने माहौल को ऊर्जा से भर दिया।

सम्मान और गरिमा आयोजन के दौरान लक्ष्मी नारायण गुप्ता, एसके गुप्ता और शलभ राज गुप्ता को समिति द्वारा शॉल, पुष्पगुच्छ और मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। समिति अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल की अगुवाई में अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और ऊंचा कर दिया।

आज का मंचन केवल रामकथा का दृश्य नहीं था, बल्कि पूरे नगर के लिए एक आध्यात्मिक उत्सव बन गया। इसमें भक्ति, आस्था और संस्कृति का ऐसा संगम हुआ जिसने दर्शकों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ दी। यह महोत्सव अब सिर्फ धार्मिक परंपरा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि रामपुर की सांस्कृतिक धरोहर और सामूहिक आस्था का प्रतीक बन चुका है। कार्यक्रम में अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र कुमार गर्ग, सह अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल (सोनी ताऊ), सुभाष चन्द्र अग्रवाल (ठेकेदार), ईश्वर सरन अग्रवाल, विनोद कुमार गुप्ता (ठेकेदार), वेद प्रकाश वर्मा, अरविन्द कुमार अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, निर्भय कुमार गर्ग, कमलेश कुमार अग्रवाल (एड.), डॉ. अजय कुमार अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, राम प्रताप सर्राफ, अनिल कुमार चौरसिया, राजीव सरन गर्ग, विनीत कुमार अग्रवाल, शान्ति शरण राठौड़, हरिओम गुप्ता, मनोज कुमार अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, रविन्द्र कुमार मिश्रा, संजय अग्रवाल और डॉ. सुमित कुमार गोयल समेत कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व मौजूद रहे।

# भगवान वालमीकि सेवा समिति ने मुख्यमंत्री का किया शुक्रिया अदा



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** भगवान वाल्मीकि सेवा समिति ने प्रदेश सरकार द्वारा भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस का अवकाश घोषित किये जाने पर पूरे वाल्मीकि समाज में खुशी की लहर हैं जिसके उपलक्ष मे समिति के अध्यक्ष लववीर चैहान ने मिठाई खिलाकर आतिसबाजी छोड़कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पूरे वाल्मीकि समाज की और से धन्यवाद किया। लववीर चैहान ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस के मौके पर अवकाश घोषित किये जाने का एलान किया हैं जिससे वाल्मीकि समाज में खुशी की लहर हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने वाल्मीकि समाज को सम्मान देने का जो अहम निर्णय लिया हैं उससे समाज में मुख्यमंत्री के लिए आदर बढ गया हैं और समाज मुख्यमंत्री के इस फैसले का स्वागत करता हैं। इस मौके पर विवेक सिंदवासी, पंकज चंद्र, अविनाश भारती, अनिकेत राज, हिमांशु चैहान, यशवीर सिंह, हरीश चैहान, शिवम, हर्षित, रितेश आदि मौजूद थे।

## मंडल नूरपुर के सौजन्य से आत्म निर्भर भारत के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** सरस्वती शिशु मंदिर मे भारतीय जनता पार्टी मण्डल नूरपूर के सौजन्य से आत्म निर्भर भारत के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य बिंदु स्वदेशी बनो, आत्म निर्भर भारत विषय पर विशेष अथिति सुधीन्द्र जिला महामंत्री भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा बिजनौर रहे। कार्यक्रम के संयोजक सतीश कुमार चौहान रहे। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, हितेंद्र राजपूत, प्रणय मनु गुप्ता, चौधरी इसमपाल सिंह, सुधीर चौहान, वीर प्रकाश भुइयार, सरदार हरभजन सिंह, गुरनाम सिंह, कमलेश प्रजापति, गर मंत्री राहुल यादव, राजेश चौहान अंकित जोशी, वरुण त्यागी सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जे०पी ०पब्लिक स्कूल में पोषक तत्वों पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**चांदपुर :** जे०पी० पब्लिक स्कूल धनौरा रोड चाँदपुर में ₹स्वस्थ जीवन के लिए पोषक तत्वों का महत्व₹ विषय पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने में पोषक तत्वों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता पैदा करना था।

सभा की शुरूआत प्रातः प्रार्थना से हुई, जिसके बाद दिन के सुविचार और विषय पर एक संक्षिप्त परिचय दिया गया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के पोषक तत्वों और मानव शरीर में उनके कार्यों के बारे में जानकारी पूर्ण भाषण दिए। दैनिक जीवन में संतुलित आहार की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए एक लघु नाटिका और प्रश्नोत्तरी सत्र भी प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की प्रबंधिका नीतू गुप्ता ने भी कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए अपना सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि इस तरह की पहल छात्रों में जागरूकता, अनुशासन और मूल्यों का पोषण कर रही है। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनीत तोमर ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की और छात्र-छात्राओं को स्वस्थ खान-पान की आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक मजबूत शरीर और मन पौष्टिक भोजन और अनुशासित जीवनशैली पर निर्भर करता है। प्रार्थना सभा का संचालन आजाद हाउस के अध्यापक व अध्यापिकाओं ने संयुक्त रूप से किया। सभा का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। जिससे विद्यार्थियों को अपने दैनिक जीवन में स्वस्थ भोजन अपनाने की प्रेरणा मिली। प्रार्थना सभा में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थिति रहा।

## गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में शहीद भगत सिंह की जयंती पर पुष्प अर्पित किए



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में शहीद भगत सिंह की जयंती पर पुष्प अर्पित किए व उनको याद किया गया समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा बहुत दुख की बात है कि अभी तक शहीद भगत सिंह जी को शहीदी का दर्जा नहीं मिला जिन्होंने देश की खातिर अपनी जान निछावर कर दिया हम सबका फर्ज बनता है कि हम उनके बताएं मार्ग पर चलें देश की सेवा करें दीन दुखियों की सेवा करें उनको पुष्प अर्पित किए गए इस मौके पर निर्मल सिंह मनमीत सिंह सुरजीत सिंह जोगा सिंह बिक्रमजीत सिंह बलविंदर सिंह नारायण सिंह सेवा सिंह अमनदीप सिंह करनजीत सिंह एडवोकेट मा प्रीत सिंह जगजीत सिंह सुखबीर सिंह बलविंदर सिंह दलविंदर सिंह कर्मजीत सिंह मौजूद रहे।

# पेयजल को तरस रहे भिक्कावाला के ग्रामीण

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**अफजलगढ।** ग्राम पंचायत इस्लामनगर के अन्तर्गत भिक्कावाला के ग्रामीण काफी लम्बे समय से पेयजल को तरस रहे हैं। 80-85 वर्ष की बुजुर्ग महिलाएं नहाने, और पीने के लिए काफी दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों को अपने सिर पर घडा एवं डिब्बों में पानी ढोते देखा जा रहा है। यह भी जानकारी प्राप्त हुई कि इस्लामनगर ग्राम पंचायत में अनेक ऐसे आवास भी हैं जिनका निर्माण हुए 15-20 वर्ष हो चुके हैं किन्तु जल निगम द्वारा अभी तक उनका सर्वेक्षण कर जल उपभोक्ता के रूप में सम्मिलित नहीं किया गया है।

ग्रामीण अजय नेगी, विपिन नेगी, रवि भूषण, मंदीप रौतेला, गिरीश बुडाकोटी, राकेश काला, सकेन्द्र बिष्ट, अजय बिष्ट, बॉर्बी, दीपा गौड, तारा जुयल ,विनोद नेगी आदि ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या के निराकरण हेतु शिवसेना जिलाध्यक्ष चौ.संजय राणा को अवगत कराया। चौ.संजय राणा ने स्थल पर पहुँच कर ग्रामीणों की समस्या को सुना। बताया गया कि जल निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों से अनेक बार शिकायत की किन्तु कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई। शिवसेना जिलाध्यक्ष ने अधिकारियों को तत्काल समस्या समाधान हेतु सचेत करते हुए कहा कि यथाशीघ्र पेयजल की बैकल्पिक व्यवस्था की जाये । अन्यथा समस्या का समाधान न होने पर प्रभावित ग्रामीणों के साथ धरना-प्रदर्शन करना बाध्यता होगी। जिसके लिए जल निगम के अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

# भगवंत पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**चांदपुर।** नूरपुर रोड स्थित भगवंत पब्लिक स्कूल में थाना चांदपुर की ओर से शनिवार को मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस क्षेत्राधिकारी चांदपुर देश दीपक सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि सीओ देश दीपक सिंह ने छात्राओं और महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान महिलाओं और बालिकाओं के लिए सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की दिशा में एक प्रभावी पहल है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को जागरूक करना और उन्हें हर परिस्थिति में आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनाना है। अपने उद्बोधन में उन्होंने छात्राओं को आत्मरक्षा की बुनियादी जानकारी हासिल करने, शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनने और किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और आश्वस्त किया कि पुलिस सदैव उनकी सहायता के लिए तत्पर है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य एम.के राय व उप प्रधानाचार्य नितिन कुमार शर्मा ने भी छात्राओं को मिशन शक्ति की महत्ता बताते हुए कहा कि यह अभियान उनके उज्ज्वल भविष्य और सशक्त समाज की नींव रखने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने मिशन शक्ति से संबंधित नारे और गीत प्रस्तुत किए, जिनसे पूरे वातावरण में उत्साह और जागरूकता का संदेश फैल गया। इस अवसर पर विद्यालय की महिला शिक्षक व सभी छात्राएं उपस्थित रहीं।

## पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद करने वालों को मुबारकबाद, धर्म से बड़ा कर्म : सुबहान फरीदी

**वेलकम इंडिया :नितिन शर्मा**



**स्योहारा (बिजनौर)।** हाल ही में पंजाब के विभिन्न इलाकों में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए आगे आए स्थानीय नागरिकों की सराहना करते हुए समाजसेवी सुबहान अली फरीदी ने उन्हें मुबारकबाद दी है। उन्होंने इस कार्य को 'धर्म से बड़ा कर्म' और 'सच्चा देश प्रेम' करार दिया।

सुबहान फरीदी ने कहा कि पंजाब की बाढ़ से हजारों लोग और किसान परेशानी से जूझ रहे थे और ऐसे में जिन लोगों ने बिना किसी लालच और प्रचार के दिल खोलकर पीड़ितों की सेवा की, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा, ₹यह सच्ची समाज सेवा है। गर्व की बात है कि हमारे स्योहारा से जो लोग पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए हैं, उनमें अधिकतर लोग राजनीतिक नहीं हैं, लेकिन उन्होंने इंसानियत के दर्द को महसूस किया और बढ़-चढ़कर मदद की। समाजसेवी सुबहान फरीदी ने अपने पूरे परिवार की ओर से सभी सहायता करने वालों को बधाई देते हुए कहा, ₹खाना, दवाइयाँ, कपड़े, हर तरह से मदद करने वाले ये लोग भाग्यशाली हैं कि उन्हें सेवा का अवसर मिला। यही इंसानियत है।₹ उल्लेखनीय है कि पंजाब में आई बाढ़ के बाद यहाँ के लोगों ने स्वतः स्फूर्त होकर राहत कार्यों में हिस्सा लिया था, जिससे पीड़ितों को काफी राहत मिली।

# शहीद-ए-आजम भगत सिंह का 119 व जन्म दिवस मनाया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




जनपद बिजनौर अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ने उनको विचारों को अपने और उन पर चलने का संकल्प लिया 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित कीअखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के कार्यकर्ता सभा के जिला कार्यालय किरतपुर पर जमा हुए जहां पर जिला कमेटी सदस्य मोहम्मद तकी की अध्यक्षता तथा कुलविंदर सिंह के संचालन में बैठक आयोजित की गई बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष कामरेड शमशाद हुसैन ने कहा कि आज जैसे हमारे देश में माहौल बना हुआ है सांप्रदायिक शक्तियां देश को तोड़ने में लगी हुई है जाति और धर्म के नाम पर हमें लड़ा कर सत्ता पर काबिज है आज हमारा देश जैसा बन गया है ऐसे देश की कल्पना भगत सिंह ने कभी नहीं की थी भगत सिंह विदेशी कंपनियां और साम्राज्यवाद के घोर विरोधी थे लेकिन आज हमारे देश के अंदर विदेशी कंपनियों को बढ़ावा दिया जा रहा है पूंजीवाद पूरी तरह से हावी है महंगाई आसमान छू रही है गरीब किसान मजदूर का जीना दूभर होता जा रहा है भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है भ्रष्टाचार समाप्त करने और काला धन वापस लाने का नारा देकर सत्ता पर पहुंची सरकार आज काला धन वालों को खुली छूट देकर उनके पक्ष में कानून बना रही है और देश की जनता से जो वादे किए गए हैं वह पूरे नहीं हो रहे हैं भगत सिंह का मानना था शिक्षा केवल किताबिक ज्ञान तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि उन्होंने इसे युवाओं को समाज की सच्चाई से अवगत कराने और उन्हें अन्याय और शोषण के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार करने का औजार समझा उन्होंने शिक्षा को एक क्रांतिकारी हथियार माना जिससे युवाओं में स्वतंत्र चिंतन और जागरूकता विकसित हो सकती है भगत सिंह शिक्षा को केवल नौकरी प्राप्त करने का साधन नहीं मानते थे बल्कि वैसे समाज में बदलाव लाने का साधन मानते थे 12वीं तक के सभी छात्रों को एक समान मुफ्त में अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षा दिलाई जाए अमीरों के लिए सुविधायुक्त महंगे प्राइवेट और गरीबों के लिए सुविधा विहीन सरकारी दोहरी शिक्षा व्यवस्था बंद की जाए शिक्षा को व्यापार बनाना बंद किया जाए गरीब बच्चों से शिक्षा छीनी जा रही है हर बस्ती से 1 किलोमीटर दूरी पर प्राइमरी स्कूल खोले जाए मर्जर स्कीम में बंद किया गया सभी स्कूलों को चालू किया जाए प्राइवेट स्कूल 4 साल में दाखिला लेते हैं सरकारी 6 साल पर यह दौरा मापदंड समाप्त किया जाए सरकारी स्कूल में 4 साल पर भर्ती शुरू की जाए तभी हम शहीद ए आजम भगत सिंह के सपनों को साकार कर सकते हैं बैठक में दयाराम सिंह महेंद्र सिंह मोहम्मद राशिद मोहम्मद आफाक मुस्तकीम महेगीर गुलशेर शाह साहब आलम नफीस रवि कुमार मोहम्मद यूसुफ मुख्तार अहमद आदि ने भाग लिया।

# अय्याशी के अड्डे पर पुलिस का छाप अधिकारियों के सामने भागते नजर आए जोड़े

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




**नजीबाबाद।** नजीबाबाद शहर का राजन होटल एक बार फिर विवादों में है। सूत्रों के अनुसार इस होटल में नाबालिग बच्चियों और स्कूल यूनिफॉर्म में आए छात्रों तक को कमरे आसानी से उपलब्ध कराए जाते हैं। यहां हर रोज देर रात तक शराब और अय्याशी का खेल चलता है।

सबसे हैरानी की बात यह है कि यह सब कुछ पुलिस चौकी और प्रशासन की नाक के नीचे लंबे समय से चलता आ रहा है। सूत्रों का दावा है कि होटल मालिकों और कुछ अधिकारियों की मिलीभगत के कारण अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। शनिवार को अचानक क्षेत्रीय अधिकारी और उपजिलाधिकारी होटल पहुंचे। उनकी मौजूदगी में ही कई युवक-युवतियां और महिलाएं होटल से भागते देखी गईं। लेकिन अधिकारियों ने न तो उन्हें रोका और न ही होटल प्रबंधन के खिलाफ कोई कार्रवाई की। मौके पर पहुंचे पत्रकारों ने जब सवाल उठाए तो अधिकारी चुप्पी साध गए। सूत्र बताते हैं कि अधिकारियों की यह चुप्पी जनता और मीडिया दोनों को खटक गई और मौके पर माहौल गरमा गया। इसी बीच भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से फोन पर संपर्क कर मामले की जानकारी लेनी चाही, लेकिन किसी ने कॉल उठाना तक उचित नहीं समझा। यूनियन पदाधिकारियों ने साफ कहा कि वे इस लापरवाही को यूं ही बर्दाश्त नहीं करेंगे और अधिकारियों से जवाब लिया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि राजन होटल लंबे समय से गलत कामों का अड्डा बना हुआ है, लेकिन पुलिस-प्रशासन की मिलीभगत से मामला हमेशा दबा दिया जाता है। अब किसान यूनियन कार्यकताओं में गुस्सा इतना बढ़ चुका है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे सड़कों पर उतरकर खुद ऐसे होटलों में ताले लगाने का काम करेंगे। गौरतलब है कि भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) लगभग एक माह पहले ही राजन होटल और अन्य होटलों के खिलाफ ज्ञापन दे चुकी है, लेकिन प्रशासन तब से अब तक आंखें मूंदे रहा है।

# बरसाना सीएचसी में नर्स से अशोभनीय व्यवहार का मामले ने पकड़ा तूल

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** बरसाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में तैनात संविदा नर्स ने केंद्र प्रभारी डॉ. मनोज वशिष्ठ पर अश्लीलता, मानसिक उत्पीड़न और धमकियों के गंभीर आरोप लगाए हैं। यह मामला अब तूल पकड़ चुका है और जिले के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंच चुका है। वहीं, सोमवार को उपजिलाधिकारी (एसडीएम) गोवर्धन की अगुवाई में होने वाली सुनवाई में इस पूरे प्रकरण में ‘दूध का दूध और पानी का पानी’ होने की उम्मीद की जा रही है।

आगरा से हाल ही में स्थानांतरित होकर बरसाना सीएचसी में तैनात महिला नर्स का आरोप है कि केंद्र प्रभारी डॉ. वशिष्ठ ने उन्हें व्हाट्सएप पर अश्लील संदेश भेजे और व्यक्तिगत संबंध बनाने का दबाव बनाया। जब नर्स ने विरोध किया, तो उन्हें नौकरी से निकालने की धमकियां दी गईं। इसके बाद उनके कार्य में जानबूझकर त्रुटियाँ निकाली जाने लगीं और उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया।

■ जांच समिति के बाद अब निगाहें एसडीएम की कार्रवाई पर

यह मामला न सिर्फ चिकित्सा संस्थानों में कार्यरत महिला कर्मचारियों की सुरक्षा और गरिमा का विषय है, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही की भी अग्निपरीक्षा है। अब देखना यह है कि सोमवार को एसडीएम गोवर्धन इस संवेदनशील प्रकरण में कितना न्यायसंगत और पारदर्शी निर्णय लेती हैं।

पीड़िता द्वारा इस मामले की शिकायत पहले बरसाना थाने में की गई, परंतु कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 09 सितंबर 2025 को सीएमओ, जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा को लिखित शिकायत सौंपी गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) द्वारा चार सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया, जिसने 22 सितंबर को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। लेकिन हैरानी की बात है कि इस रिपोर्ट का अब तक कोई खुलासा नहीं किया गया है। समिति के अध्यक्ष डॉ. जाडिया और सदस्य डॉ. आलोक कुमार, डॉक्टर डॉ कर्णिका, डॉ लक्ष्मी ने केवल इतना कहा कि रिपोर्ट सीएमओ को सौंप दी गई है और बाकी जानकारी वही दे सकते हैं।

हालांकि, कई बार संपर्क करने के बावजूद सीएमओ द्वारा फोन नहीं उठाया गया, जिससे पीड़िता और जनमानस में प्रशासन की निष्क्रियता को लेकर गहरी नाराजगी है। पीड़िता ने जिलाधिकारी को भी ज्ञापन सौंपा, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) ने 16 सितंबर को जांच के आदेश दिए। बढ़ते जनदबाव और संवेदनशीलता को देखते हुए अब एसडीएम गोवर्धन की अध्यक्षता में नई जांच समिति गठित की गई है, जिसमें थाना प्रभारी विनोद बाबू मिश्रा और सीएमओ डॉ. राधा बल्लभ भी सदस्य हैं। पीड़िता 26 सितंबर शुक्रवार को साक्ष्य सहित एसडीएम कार्यालय पहुंची, जहां उन्होंने अपने बयान दर्ज कराए और धमकी भरे ऑडियो-वीडियो साक्ष्य भी प्रस्तुत किए।

अब सभी की निगाहें सोमवार को एसडीएम गोवर्धन की सुनवाई पर टिकी हैं। माना जा रहा है कि यदि साक्ष्य पर्याप्त पाए गए तो दोषी के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है। स्वयं सीएमओ डॉ. राधा बल्लभ ने भी बयान दिया है कि यदि जांच में आरोप सही पाए गए तो संबंधित चिकित्सक पर कार्यवाही निश्चित रूप से की जाएगी।

## बाइक-बाइक की टक्कर में तीन घायल, भर्ती

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के भड़ेहरा गांव के सामने हाइवे के सर्विस रोड़ पर रविवार की दोपहर में दो बाइकों में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गया।जिसमें एक बाइक पर सवार मिजार्पुर जिले के कछवां थाना क्षेत्र के भैंसा गांव निवासी विनोद श्रीवास्तव व मंजू देवी घायल हो गई वही दूसरे बाइक पर सवार मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के चित्रसेनपुर गांव निवासी विकास रस्तोगी घायल हो गया।ग्रामीणों की सूचना पर फोर्स के साथ मौके पर पहुंची पुलिस सभी घायल को कछवांरोड स्थित प्रकाश हॉस्पिटल भेजकर भर्ती करवाया।वही क्षतिग्रस्त बाइक को रोड से हटवाकर साइड करवा दी।बाइक सवार विनोद अपने माँ के साथ वाराणसी दवा के लिए गए थे वही से वापस घर जा रहे थे।

# शहीद भगत सिंह भारत की आजादी के महानायक थे : पं० गोपाल शर्मा

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह




**हापुड़।** ऑल हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी यूपी के प्रदेश कार्यालय पर शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गई !प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने शहीद भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया !प्रदेशाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने कहा कि ब्रिटिश शासन में क्रांतिकारी भगत सिंह सुखदेव राजगुरु चन्द्रशेखर आजाद नेताजी सुभाषचंद्र बोस पंडित रामप्रसाद बिस्मिल तात्या टोपे सहित अन्य आंदोलन कारियों ने भारत की आजादी का बिगुल बजा दिया जगह जगह इंकलाब जिंदाबाद और वन्देमातरम के नारों से गुंजायमान होने लगा! हर भारतीय को अमर शहीदों के बलिदान को नहीं भूलना चाहिए!

जिलाध्यक्ष हापुड़ अजय शर्मा ने शहीद भगत सिंह को पुष्प अर्पित का स्मरण किया और उनकी वीरता हम सभी को साहस पराक्रम की प्रेरणा देती है !मेरठ मंडल अध्यक्ष निर्देश कुमार लोधी ने कहा कि ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी भारत के अमर शहीदों के आदर्शो का सम्मान करती हैं और अमर शहीदों के बलिदान से ही भारत की आजादी मिली !जयंती कार्यक्रम में उपस्थित आशीष शर्मा सुनील शर्मा जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ वी के त्यागी दुष्यंत शर्मा आबिद सेफ पंकज कुमार आदि रहे !

## 2 लाख रुपए कीमत के पटाखों के साथ 2 अभियुक्त गिरफ्तार



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** नगर पुलिस द्वारा अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री पर सख्त कार्रवाई करते हुए दीपावली से पहले मोदीनगर रोड पर स्थित जसरूपनगर निवासी आकाश के मकान पर छापेमार कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में पटाखे जब्त किए हैं। अनुमानित कीमत लगभग दो लाख रुपए बताई गई। आपको बता दें सूत्रों द्वारा सूचना मिलने पर हापुड़ क्षेत्राधिकारी वरुण मिश्रा व थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट मैं थाना हापुड़ नगर कोतवाली क्षेत्र के जसरूपनगर आकाश नामक युवक के मकान पर छापेमार कार्रवाई करते हुए अवैध पटाखों का भंडारण पकड़ मौके से अकाश व मोहित को गिरफ्तार किया है मकान से छापेमारी के दौरान 50 कार्टून अवैध पटाखे बरामद हुए। पुलिस द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि मकान में बड़े पैमाने पर बिना लाइसेंस अवैध पटाखों का भंडारण न केवल कानूनी अपराध है,बल्कि स्थानीय लोगों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए खतरनाक है जिसकी बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित है।

# छात्राओं व महिलाओं को विधायक ने वितरित की साईकिल व मशीनें



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5 अभियान के तहत बालिकाओं को सशक्तिकरण और सुरक्षा के उद्देश्य से ऐसी छात्राओं जो गांवों से पढ़ने के लिए हापुड़ आती है उन्हें सदर विधायक विजयपाल आढ़ती द्वारा कार्यालय पर एक समारोह आयोजित कर ऐसी पचास चयनित छात्राओं को साइकिल वितरित कर थाना हापुड़ देहात प्रभारी विजय कुमार गुप्ता द्वारा सरकार चलाई जा रही योजना हेतु पंपलेट वितरित कर रवाना किया। साथ ही महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सिलाई मशीनें भी वितरित की गई जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। इस दौरान दिव्यांग महिला के सिलाई मशीन पाकर चेहरे पर साफ-साफ खुशी दिखाई दे रही थी। आपको बता दें सेवा पखवाड़े के अंतर्गत रविवार को हापुड़ में आयोजित समारोह में हापुड़ के भाजपा विधायक विजयपाल आढ़ती ने छात्राओं को पचास साइकिलें, महिलाओं को 25 सिलाई मशीन तथा अन्य छात्राओं को कापियां, रजिस्टर आदि वितरित की गई। थाना हापुड़ देहात प्रभारी विजय गुप्ता ने छात्राओं व महिलाओं को मिशन शक्ति 5 के बारे में जानकारी देते हुए जागरुक कर बताया कि पुलिस सदैव आपके साथ है।

## दिल्ली पुलिस का सलावा में छापा, 36 किलो गांजा बरामद

**मेरठ(जाकिर तुर्क)।** सरधना थाना क्षेत्र के गांव सलावा में रविवार सुबह दिल्ली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 36 किलो गांजा बरामद किया। इस दौरान आरोपी अनित सोम, उसकी पत्नी और एक दोस्त को हिरासत में लिया गया।जानकारी के अनुसार, अनित पहले से ही दिल्ली में गांजा मामले में फरार चल रहा था कारण पुलिस दबिश देने आई थी इसी। पुलिस ने रविवार सुबह सलावा पहुंचकर उसके घर पर छापेमारी की।छापेमारी के दौरान पुलिस ने घर के अंदर छुपाए गए 36 किलो गांजा जब्त कर लिया। आरोपी अनित पुत्र बिट्टू को गिरफ्तार कर बरामद गांजा दिल्ली ले जाया गया। अनित की पत्नी और दोस्त को कुछ समय हिरासत में रखने के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस ने बताया कि अनित दिल्ली के बड़े गांजा सप्लायरों के साथ मिलकर आसपास के इलाकों में गांजा सप्लाई कर रहा था।

## आरओ वाटर एटीएम का बटन दबा कर चेयरमैन ने किया शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** नगर पंचायत परिसर में बने नए आर ओ वाटर ए टी एम का चेयरमैन ने मंत्रोच्चारों के बीच फीता काट कर व मशीन का बटन दबा कर शुभारंभ किया। इस प्लांट से नगर पंचायत कार्यालय के आस पास के नागरिकों सहित श्रद्धालुओं को भी पीने के लिए आर ओ पानी उपलब्ध होगा।

बता दे कि नगर पंचायत ने अपने परिसर में एक नए वाटर ए टी एम प्लांट का निर्माण करवाया है। शनिवार दोपहर नगर पंचायत चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा ने सभासदों व स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में मंत्रोच्चारों के बीच फीता काट कर ए टी एम का शुभारंभ किया। चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा करीब 19 लाख की लागत से इस नए वाटर ए टी एम का निर्माण कराया है। इस आर ओ प्लांट से कस्बा के वार्ड 06 व 08 के नागरिकों को पेयजल का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर सभासद हेमलता शेखर मुखिया, सुरेंद्र गुप्ता बिरजो, लिपिक मोहन श्याम, गोविंद चंदेल , दीनू मोदी उपस्थित थे।

## ब्राह्मण समाज की बंद पड़ी के प्याऊ का आज किया जाएगा शुभ मुहूर्त



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** जनपद हापुड़ के पक्का बाग स्थित चंडी रोड़ श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर ब्राह्मण में ब्राह्मण समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा बैठक आयोजित की गई। जिसमें रामलीला मैदान में चल रहे दशहरा महोत्सव में वर्षों से बंद पड़े ब्राह्मण समाज के प्याऊँ को 29 सितंबर सोमवार को सायंकाल शुभ मुहूर्त में पुनः प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया। जिसका समापन 3 अक्टूबर शुक्रवार को होगा पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में जल के अतिरिक्त शिकंजी, फल आदि वितरण श्रद्धांलुओं को किया जाएगा सभी ने पूर्ण भाव से इस पुण्य कार्य व्यवस्था में सहयोग करने का निश्चय किया बैठक की अध्यक्षता भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा अध्यक्ष पंडित के0 सी0 पाण्डेय ने किया तथा व्यवस्था हेतु विशेष कर्तव्य निर्वहन डॉ0 करुण शर्मा एवं पंडित राहुल शर्मा को दिया गया टेंट व्यवस्था पंडित ब्रज भूषण पाराशर जी द्वारा किया जाएगा प्रथम पूजन शुभारम्भ भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा विद्वानों के मंत्रोच्चार से होगा बैठक में पंडित ब्रजेश कौशिक, पंडित के0 सी0 पाण्डेय, डॉ0 करुण शर्मा, पंडित शैलेन्द्र अवस्थी, पंडित अजय पाण्डेय, पंडित नानक चंद शर्मा, पंडित संजय शर्मा, पंडित अजित कुमार शर्मा,डॉ0 संजीव वशिष्ठ, पंडित राजेश कुमार गौतम, पंडित राहुल शर्मा, डॉ 0 राम औतार शर्मा, पंडित सुयश वशिष्ठ, पंडित मुरलीधर शर्मा पत्रकार आदि उपस्थित रहे।

# ऑनर किलिंग की घटना पिता पुत्र ने उतारा युवती को मौत के घाट

वेलकम इंडिया

**कांधला।** (मोहसीन रहमानी) थाना क्षेत्र के गाव अंबेहटा में पिता पुत्र ने अवैध संबंधों के चलते अपनी पुत्री की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या की सूचना से गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक युवती के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने हत्या आरोपी पिता, पुत्र को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से तमंचा बरामद किया है।थाना क्षेत्र के गांव अम्बेहटा निवासी जुल्फान की 18 वर्षीय पुत्री सना गांव में ही मदरसे में पढ़ाई करती है। रविवार को युवती को उसके पिता व भाई ने किसी युवक के साथ फोन पर बात करते हुए देख लिया था, जिससे पिता पुत्र नाखुश थे। आरोप है कि पिता पुत्र सना को बंदर भगाने के बहाने छत पर ले गए और गोली मारकर हत्या कर दी। पिता पुत्र ने युवती की हत्या करने के बाद युवती के शव को कमरे में लाकर डाल दिया और शव के बराबर में ही तमंचा भी रख दिया।



□ बंदर भगाने के बहाने छत पर ले जाकर पिता पुत्र ने मारी गोली मौके पर हुई यूवती की मौत, घटनास्थल पर पहुंचे एसपी

आरोपियों ने हत्या को आत्महत्या में बदलने का पूरा प्रयास किया, लेकिन पुलिस की शक्ति के आगे पिता पुत्र टूट गए और सना की हत्या करना कबूल किया।

पुलिस ने मृतक युवती के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है, साथ ही पुलिस ने पिता पुत्र को हिरासत में ले लिया है। चीन के कब्जे से पुलिस ने तमंचा व कारतूस बरामद किया है। घटनास्थल का एनपी सिंह ने पहुंचकर निरीक्षण किया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# डीएम ने लेखपाल हजारीलाल को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** शासनादेशानुसार प्रत्येक माह के द्वितीय व चतुर्थ शनिवार को प्रत्येक थाने पर जन-समस्याओं के समाधान हेतु थाना दिवस का आयोजन किया जाता है, जिसमें राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों के क्षेत्रीय कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य होती है।

दिनांक 27 सितम्बर 2025 को थाना जैत पर थाना दिवस का आयोजन किया गया था। थाना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा थाना जैत का औचक निरीक्षण किया गया था। जिलाधिकारी द्वारा तहसीलदार मथुरा को मौजा जैत में किसी शासकीय प्रयोजनार्थ ग्राम सभा भूमि की उपलब्धता हेतु क्षेत्रीय लेखपाल को मय राजस्व अभिलेख खतौनी व राजस्व मानचित्र के साथ उपस्थित होने हेतु निर्देश किया गया था।

तहसीलदार मथुरा द्वारा क्षेत्रीय लेखपाल हजारीलाल को फोन से बताया गया कि आप मय अभिलेख के साथ अविलम्ब थाना जैत पर पहुँचे, इसके बावजूद हजारीलाल लेखपाल थाना जैत पर काफी बिलम्ब से पंहुचे तथा जिलाधिकारी के समक्ष अपनी यूनीफोर्म में न होकर जीन्स व शर्ट में उपस्थित हुए।

जिलाधिकारी द्वारा लेखपाल को मौजा जैत की खतौनी तथा राजस्व मानचित्र प्रस्तुत करने को कहा तो उक्त लेखपाल के पास न तो खतौनी थी और न ही राजस्व मानचित्र था। इस पर जिलाधिकारी द्वारा काफी नाराजगी व्यक्त की गई तथा लेखपाल के पास आवश्यक राजस्व अभिलेख उपलब्ध न होने के कारण शासकीय प्रयाजनार्थ हेतु ग्राम सभा भूमि तलाश नहीं हो पायी। मा० परिषदादेशानुसार लेखपाल को अपनी यूनीफोर्म में समस्त अभिलेख सहित थाना दिवस पर उपस्थित होना चाहिए था।

लेखपाल हजारीलाल के द्वारा उ०प्र० कर्मचारी आचरण नियमावली का पालन नहीं किया गया था तथा अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में अत्यधिक उदासीनता एंव लापरवाही बरती गई है, जिसके लिए हजारीलाल लेखपाल दोषी है।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने लेखपाल हजारीलाल के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया है। निलम्बन अवधि में श्री हजारीलाल लेखपाल भूलेख कम्प्यूटर तहसील मथुरा में सम्बद्ध रहेंगे। उक्त अनुशासनिक कार्यवाही में तहसीलदार मथुरा को जॉच अधिकारी नामित किया गया है, जो आरोप-पत्र तैयार कर अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करेंगे तथा एक माह में जॉच पूर्ण कर आख्या उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

## मिशन शक्ति 5.0-वन स्टाप सेन्टर की टीम का ग्राम गोसाईपुर जारूकता अभियान



विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया

**प्रतापगढ।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन के क्रम में ग्राम गोसाईपुर में वन स्टाप सेंटर के टीम द्वारा महिलाओं और बच्चों को महिला कल्याण विभाग की समस्त योजनाओं क्रमशः वन स्टॉप सेंटर योजना, बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, दत्तक ग्रहण इकाई, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सहित 1098, 181, 1090, 112, 1930, 1076 आदि समस्त हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह के बारे में जागरूक करते हुए बताया गया कि लड़की की सही उम्र 18 और लड़के की सही उम्र 21 साल होनी चाहिए तभी यह विवाह मान्य होगा। अगर उनके आसपास ऐसी घटना होती है तो वह इसकी सूचना हेल्पलाइन नंबर पर दे सकते है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया शीशराम में 1.25 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास/लोकार्पण

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की गंगा बहा रखी है, आज उन्होंने जिला पंचायत निधि से नगला शीशराम में सवा करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया है। जिसमें नाली निर्माण और ईंट खरंजा/सीसी सड़क आदि निर्माण शामिल है। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका जगह-जगह फूलमाला, पटुका, स्वाफा एवं चांदी के मुकुट बांधकर भव्य स्वागत किया है। वहीं जीएसटी की कटौती पर सौंख के दुकानदार व्यापारियों से जिला पंचायत अध्यक्ष ने चर्चा की जिस पर दुकानदारों द्वारा केन्द्र सरकार एवं माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया।




शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिपंअ किशन चौधरी ने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सभी वर्गों का विकास हो रहा है।प जिला पंचायत निधि से करीब 1.25 करोड़ रुपए नगला शीशराम में नाली, सीसी एवं ईंट खरंजा निर्माण कार्य का शिलान्यास/लोकार्पण किया गया है। जीएसटी चर्चा के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने कहा जीएसटी कटौती से न सिर्फ व्यापारी वर्ग को राहत मिली है बल्कि उपभोक्ताओं में भी खुशी का माहौल है।

## अनियंत्रित कार ट्रक में घुसी पांच घायल

**मथुरा/कोसीकला।** दिल्ली से मथुरा जा रही एक कार चालक को झपकी लगने से अनियंत्रित हो गई और आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी, जिसके कारण कार में बैठी दो महिला सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जब तब पुलिस घटना स्थल पर पहुंचती उससे पहले ही राहगीरों ने सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती करा दिया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार निवांल ने बताया कि मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## शहीद भगतसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई जयंती




वेलकम इंडिया

**मथुरा/छाता।** नगर के भगत सिंह पार्क में शहीद भगतसिंह जी की जयंती पर भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्पमाला अंगवस्त्र पहनाकर उनको याद किया। गौरव अविरल शास्त्री ने कहा कि मातृभूमि के लिए सर्वस्व न्योछावर करने का उनका साहस अटूट संकल्प बलिदान हमेशा युवाओं को प्रेरणा देता रहेगा। भगतसिंह ने अल्पायु में ही देश की आजादी को ही अपना जीवन बना लिया था, अपने आप को न्योछावर किया। सुनील सिंह, मनीष कुमार, लखन चौधरी, अंकित गुप्ता, निखिल वार्ष्णेय आदि युवा रहे।

# दिशा की बैठक में कायनात अहमद ने उठाई सेमरियावां क्षेत्र की प्रमुख समस्या

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** सांसद लक्ष्मीकांत 'पप्पू' निषाद की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला विकास तथा निगरानी समिति दिशा की बैठक मे महिला प्रतिनिधि के रूप मे शामिल जिला पंचायत सदस्य सेमरियावां की जिला पंचायत सदस्य कायनात फातमा ने अपने वार्ड सहित विकास खंड सेमरियावां और जनपद स्तरीय समस्याओ को प्रमुखता से उठाया।

प्रमुखमुद्दे को अपने सम्बोधन रखा और पत्रक के माध्यम से बैठक में प्रस्ताव रखे गए। कायनात अहमद ने बैठक में जल जीवन मिशन के तहत पाइप डालने के लिए खोदी गई ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों की हालत दयनीय जर्जर हो गई है।आवागमन में भारी असुविधा होती है। इसे शीघ्र ठीक दुरुस्त कराने की मांग की ।

सेमरियावां ब्लॉक की प्रमुख सड़के जिनकी मरम्मत पुनर्निर्माण की आवश्यकता है। ग्राम सालेहपुर की खराब सड़क, पैंड़ी दानूकुईयां हनुमान गंज मार्ग का चौड़ीकरण प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना के तहत कराया जाए।

कायनात अहमद ने आशा बहुओं को वर्क बेस्ड इन्सेंटिव का भुगतान हर हाल मे सुनिश्चित करने और

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दानूकुईयां को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप मे अपग्रेड करने की मांग की है।

न्याय पंचायत कानपारा और सेमरियावां मे उच्च शिक्षा हेत राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन के तहत हाईस्कूल तक की सरकारी शिक्षा का प्रबंध किया जाय।

कायनात फातिमा ने क्षेत्र की जर्जर सड़कों निम्न सड़कों की मरम्मत निर्माण कराने की मांग भी की।

गंगौली पुरैना मंसूर मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य पूर्ण किया जाय

बी एम सीटी से दरियाबाद वाया कथकपुरवा जर्जर मार्ग का पुनर्निर्माण कार्य पूर्ण किया जाय।

बीएमसीटी से सिसवा दाखिली मार्ग का विशेष मरम्मत मरम्मत कार्य पूर्ण कराया जाए।

पिपरा गोविंद से दरियाबाद मार्ग का मरम्मत कार्य पूर्ण किया जाय

केशवापुर सम्पर्क मार्ग से ग्राम कड़जा गांव तक जर्जर सड़क का विशेष मरम्मत कार्य पूर्ण किया जाय।

प्राथमिक विद्यालय दुधारा से दुधारा गांव तक जर्जर सड़क का विशेष मरम्मत कार्य किया जाया।

भंगुरा अहिरानी से गरथौली तक जर्जर सड़क का मरम्मत कार्य पूर्ण किया जाए।

रूधौली चौराहे से दलित बस्ती तक जर्जर सड़क का मरम्मत कार्य पूर्ण किया जाय।

सेमरायावां गांव सीसी रोड के बाद पुरवा गोरहवा तक जर्जर सड़क का विशेष मरम्मत कार्य पूर्ण किया जाए।

श्रीमती कायनात फातमा ने उपरोक्त समस्याओ से संबंधित पत्रक एक एक कर अध्यक्ष जी के माध्यम से विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सौंपा जिसपर प्रस्तुत समस्याओ का शीघ्र निस्तारण का सम्बंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा भरोसा दिलाया गया।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में वाँछित अभियुक्त व बाल अपचारी को किया गिरफ्तार

**धनघटा(संतकबीरनगर)।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा प्रियम राजशेख ? पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा जयप्रकाश दूबे के नेतृत्व में निरीक्षक अपराध रामेश्वर यादव, उ0नि. रामदरश यादव , हे0का0 रमेश मिश्रा, का0 अजीत गुप्ता ने मु0अ0सं0 470/2025 धारा 65(1)/351(3) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट थाना धनघटा के मामले में वांछित अभियुक्त रोशन पुत्र परमात्मा साकिन परसहर पूर्वी थाना धनघटा व 01 बाल अपचारी को भैसा बसन्तपुर मोड़ तिराहे के पास से रविवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि वादिनी द्वारा दिनाँक 26.09.2025 को थाना धनघटा पर वादिनी की 02 नाबालिग पुत्रियों के साथ अभियुक्त उपरोक्त व बाल अपचारी द्वारा दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था

# नगर पंचायत कपकोट में लोक कल्याण मेले का हुआ आयोजन



वेलकम इंडिया

**कपकोट, शेर सिंह ऐठानी।** नगर पंचायत कपकोट के सभागार में पीएम स्व निधि के लाभार्थियों के लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत कपकोट की अध्यक्ष गीता ऐठानी ने की।इस दौरान अध्यक्ष गीता ऐठानी ने सभी नगरवासियों सहित फड़ व्यवसाईयों से नगर को साफ और स्वच्छ बनाए रखने में अपना सहयोग देने की अपील की। उन्होंने फड़ व्यवसाईयों से पीएम स्व निधि की योजना के अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार से आत्मनिर्भर बनने के लिए सस्ते दरों पर मिलने वाले लोनका लाभ लेने के लिए आवाहन किया।

उन्होंने नगर हमारा सुंदर बने, इसके लिए सबका साथ सबका विकास की नीति के आधार पर नगर के समुचित विकास हेतु सबसे सहयोग देने की अपील की। साथ ही मौजूद लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलायी गई।लोक कल्याण मेले में सिटी मैनेजर उर्मिला बिष्ट के द्वारा पीएम स्वनिधि योजना की जानकारी दी। बताया कि फंड व्यवसाइयो के लिए योजना अब नए रूप में आई है इस योजना के तहत व्यवसायियों को प्रथम ट्रेंच में 15,000 का तथा द्वितीय ट्रेंच में 25000 का तथा तृतीय चरण में 50000 का ऋण दिया जाएगा तथा तथा फड़ व्यवसाईयों को क्रेडिट कार्ड बैंक की ओर से जारी किए जाएंगे तथा सभी फड़ व्यवसायियों का क्यूआर कोड बैंक के द्वारा बनाया जाएगा। जिससे डिजिटल लेनदेन में आसानी होगी उन्होंने सभी व्यवसायियों से अनुरोध किया गया कि वह जल्दी से जल्दी ऋण के लिए आवेदन करें।

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कपकोट सिटी मिशन मैनेजर उर्मिला बिष्ट बैंक के अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी तथा 40 फड़ व्यवसायी उपस्थित थे।

## सिविल सोसायटी के शिविर में 275 बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण




**गरुड़।** सिविल सोसायटी ने पहली बार गरुड़ में निःशुल्क बाल स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। इस मौके पर 275 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवा वितरित की गई। शिविर का शुभारंभ साहित्यकार मोहन जोशी ने किया। उन्होंने कहा कि सिविल सोसायटी का यह प्रयास गरुड़ क्षेत्र के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। सोसायटी के अध्यक्ष एडवोकेट डीके जोशी ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए शिविर में सहयोग दे रहे चिकित्सकों व क्षेत्रीय जनता का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर हल्द्वानी से आए बाल रोग विशेषज्ञ डा. अजय पांडे, डा. अर्पणा बिष्ट पांडे, डा. टीके पंत ने 275 बच्चों व 45 वृद्धों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। इसके अलावा डा. सीएस कांडपाल, डा. मनोज कांडपाल, डा. कुसुमाकर द्विवेदी, डा. सुमन जोशी, भुवन भंडारी, प्राची सिंह आदि ने भी सहयोग दिया। इस दौरान नपं अध्यक्ष भावना वर्मा, सभासद अंकित जोशी, हरीश जोशी, उमाशंकर भाकुनी, चन्द्रशेखर बड़सीला, विपिन चंद्र तिवारी, हेम वर्मा, हेम पांडे, जीवन चंद्र दुबे, केएस खत्री, भारतेंदु विमल जोशी, भाष्कर जोशी आदि मौजूद थे।

## मिशन शक्ति फेज -5.0 के तहत एन्टी रोमियो स्क्वॉड द्वारा चलाया गया बालिका सुरक्षा अभियान



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देश के क्रम में शासन द्वारा चलाए जा रहे महिला मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान में बच्चियों/महिलाओं के विरुद्ध छेड़छाड़ व यौन उत्पीड़न जैसे अप्रिय घटनाओं की रोकथाम हेतु एंटी रोमियो टीम महिला थाना २ बजरंग कुमार मिश्रा महिला आरक्षी माधुरी शाह, महिला पीआरडी लक्ष्मी रीमा, रीमा, सुमन यादव महिला थाना जनपद संत कबीर नगर द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 05 अभियान के अंतर्गत सिटी क्षेत्र में भ्रमण कर बालिका /महिला सुरक्षा अभियान चलाया गया।

मिशन शक्ति फेज -5.0 के तहत महिला बीपीओ को आवश्यक आदेश निर्देश से अवगत कराया। इस अभियान के तहत दुर्गा मंदिर बरदहिया में जाकर महिलाओं को मिशन शक्ति के बारे में व आत्मरक्षा के बारे में बताया गया तथा हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 1076 व 1098, 108,102, 1930 साइबर हेल्प लाइन तथा मिशन शक्ति फेज 05 के संबंध में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति फेज -5.0 के तहत 30 पंपलेट बालिकाओं में बाटे गये। एंटी रोमियो चेकिंग के दौरान खलीलाबाद पर जाकर लोगों को जागरूक किया गया,30 व्यक्तियो से पूछताछ किया गया, 02 शोहदे से माफीनामा भरवाकर चेतावनी के साथ छोड़ा गया ।

### सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत

## दिव्यांगजनों को 69 ट्राई साइकिल व अन्य सहायक उपकरणों का किया गया वितरण

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** शासन की मंशा के अनुसार सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाध्यक्ष भाजपा श्रीमती नीतू सिंह, विधायक खलीलाबाद अंकुर राज तिवारी व विधायक मेहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी द्वारा आज विकास भवन परिसर संत कबीर नगर में दिव्यांगजनो को सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अशोक कुमार उर्फ साधु यादव व मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में अध्यक्ष भाजपा, विधायक खलीलाबाद व विधायक मेहदावल द्वारा दिव्यांगजनों को 69 ट्राईसाईकिल, 15 व्हील चेयर, 05 कान की मशीन, 05 स्मार्ट कैन एवं 12 बैसाखी वितरित किया गया। उल्लेखनीय है कि शासन के निदेर्शानुसार सेवा पखवाड़ा अभियान (दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2025) के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित कर उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है।

इस अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी रवीश चंद, कनिष्ठ सहायक संतोष शर्मा सहित विभाग के अन्य कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने क्षेत्र भृमण कर सुनी समस्याएं



**कपकोट: शेर सिंह ऐठानी।** नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानी का नगर क्षेत्र भृमण कर नगर की समस्याओं की जानकारी ली जा रही है।नगर के वार्ड संख्या तीन का भृमण कर नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानी द्वारा स्थानीय वाशिंदों की पुल बाजार में पेयजल की समस्या को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया गया।जहां उन्होंने पेयजल समस्या के समाधान हेतु तत्काल स्थानीय वाशिंदों को समाधान का भरोसा दिया। और तत्काल जलसंस्थान और तकनीकी फील्ड कर्मचारी को शीघ्र समस्या का समाधान करने और नगर पंचायत द्वारा कोई भी आवश्यक सहयोग देने की बात कही।जिस पर स्थानीय लोगों ने अध्यक्ष गीता ऐठानी का आभार जताया।इस दौरान नगर पंचायत ईओ बलवंत सिंह रावत वरिस्ठ सहायक लिपिक कविंद्र मेहता, अंशु ऐठानी खुशाल गुड़िया, राम सिंह बिष्ट, रमेश गढ़िया, केदार जोशी, राजेश जोशी सहित अन्य लोग मौजूद थे।


## मानकों को ताक पर रखकर किसानों की भूमि की नीलामी

वेलकम इंडिया

**लखीमपुर-खीरी।** ज़िला अधिकारी को दिए शिकायती पत्र में किसानों ने अपनी भूमि की नीलामी पर रोक लगाए जाने की लगाई गुहार बताते चलें आराजी स्थित ग्राम किशुनपुर, परगना पैला, तहसील मितौली जनपद खीरी की गाटा सं0-106/8.269 हे० व भूमि गाटा सं0-175/4.225 हे भूमि हम प्रार्थीगणों के पटटे दिनांक 31.07.1999 को उपजिलाधिकारी मितौली के अनुमोदन से होकर प्राप्त हुए थे। जो खतौनी फसली वर्ष 1413-1418 की खाता सं0-585 पर राजस्व अभिलेखों में इन्द्राज किए गये थे। पीड़ित ग्रामीण अंचल के खेतिहर गरीब मजदूर काश्तकार है जो कानूनी प्रक्रियाओं से अनभिज्ञ है पूर्व में आवंटित पट्टों को बगेर नोटिस दिये पूर्व उपजिलाधिकारी द्वारा भिन्न-भिन्न तिथियों में आवंटन निरस्त कर दिया गया जिसकी जानकारी हम पीड़ितो को उस समय हुई जब पीड़ितो के गन्ने की फसल बुवाई होकर सिंचाई, दवा, खाद पड़ चुकी थी। ऐसी दशा में यदि हम गरीब मजदूरी पेशा व्यक्तियों को अपूर्तिनीय क्षति कारित होगी। वर्तमान समय में राजस्व टीम व ग्राम प्रधान द्वारा उक्त पट्टे वाली भूमि की पैमाइश करवाकर लाल झण्डी लगाकर फसल नष्ट कर देना चाहते है। पीड़ितों द्वारा तहसील मितौली गये थे वहां पर कोई सुनवाई नहीं हुई। जिस कारण हम पीड़ितो न्याय नहीं मिला सोमवार दिनांक 29-09-2025 को नीलामी से पीड़ित पट्टादार किसान ने नीलामी रोक कर सम्पूर्ण मामले की जांच कराई जाने की मांग की है। देखते है पीड़ित किसानों की सुनी जाती है की उनकी जमीन को नीलाम कर भुखमरी की कगार पर पहुचा दिया जाएगा

# धूमधाम से मनाई गई महाराजा अग्रसेन जयंती

भरत सिंह वेलकम इंडिया



**लोनी।** वैश्य समाज सेवा संस्था (रजि) लोनी द्वारा महाराजा अग्रसेन जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व राज्यसभा सांसद श्री अनिल अग्रवाल ,पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा दिनेश सिंघल, श्री जय भगवान गोयल वरिष्ठ नेता भाजपा ,श्री दिनेश गोयल (गुरु जी) एवं श्री वी के अग्रवाल जी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस कार्यक्रम में आए अतिथियों ने कहा कि समाज को राजनीति में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए वहीं दिनेश सिंघल ने अपने चिर परिचित अंदाज में कहा कि झंडा किसी का भी हो डंडा समाज का होना चाहिए वहीं संस्था के अध्यक्ष जीवन लाल ने कहा कि हम महाराजा अग्रसेन के एक रुपया एवं एक ईट के सिद्धांत पर कार्य करते हुए समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचेगे, कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों की भारी भीड़ में काफी उत्साह देखा गया।

कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष जीवनलाल सिंघल ,राकेश कुमार गर्ग ,राजीव सिंघल ,अनंत राम गुप्ता ,सुशील जैन, शिवकुमार गुप्ता, दुर्गेश गोयल, सभासद सतेंद्र बंसल, मनीष गर्ग, नीरज गर्ग,यतेंद्र अग्रवाल, विनय गोयल, दीपक मित्तल आदि सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया

## जामिया अरबिया कासिमुल उलूम अर्धवार्षिक परीक्षा संपन्न

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खैल के प्राचीन जामिया अरबिया कासिमुल उलूम व जामिया आयशा लिल बनात में आयोजित छमाही इम्तिहान का समापन जामिया के मोहतमिम मौलाना सैयद बदरुल हुदा कासमी की रूहपरवर दुआ के साथ सम्पन्न हुआ। इस मौके पर एक सरल लेकिन प्रभावशाली समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें तलबा-तालिबात, शिक्षकों, उलमा और जिम्मेदारान की बड़ी तादाद मौजूद रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मौलाना सुल्तान रशीदी मोहतमिम जामिअतुस सालीहात थानाभवन ने कहा कि इम्तिहान छात्रों की सोई हुई सलाहियत को उजागर करता है और इल्म का असल मकसद सिर्फ किताबें याद करना नहीं बल्कि सोचने-समझने और अमल की क्षमता पैदा करना है।

# समाजवादी पार्टी की तरफ से हुआ पीडीए पंचायत और मासिक बैठक

वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी



**मिजार्मुराद।** सेवापुरी विधानसभा के आराजी लाइन ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सभा गुरदासपुर में रविवार को समाजवादी पार्टी की तरफ से ढऊअपंचायत और मासिक बैठक किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह पटेल थे तथा जिसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष पाखंडी राम बिन्द ने किया तथा कार्यक्रम का आयोजक ग्राम प्रधान अजय कुमार बिन्द तथा जनार्दन पटेल ने किया।कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में लगातार पिछड़ों दलितों अल्पसंख्यकों के साथ शोषण करा रहा है तथा महंगाई चरम सीमा पर है बेरोजगारी चरम सीमा पर है किसानों को यूरिया नहीं मिल रही है किसानों का हाल बेहाल है आदि बातों पर अपनी बात को रखा।कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी कन्हैया राजभर, पूर्व प्रदेश सचिव राम सिंह यादव, प्रदेश सचिव यूवजन सभा अमन यादव 'अन्नू', विधानसभा महासचिव राजेश यादव, इं.अनिल, बबऊ यादव ई.मनोज यादव, सुजीत मास्टर, राजाराम बिंद, रामसुन्दर , मुन्ना प्रजापति, रामप्रकाश पटेल, प्रधान गुलाम, प्रधान रामचंद्र, प्रधान रेवती रमण, अमरनाथ मास्टर, अनिल यदुवंशी आदि लोग उपस्थित रहे।

## जर्जर विद्युत पोल बदलवाने की मांग, सभासद ने दिलाया भरोसा



वेलकम इंडिया

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान के दर्जनों लोगों ने रविवार को वार्ड सभासद यशु सैनी को एक शिकायती पत्र सौंपकर मोहल्ले में खड़े जर्जर लोहे के विद्युत पोल बदलवाने की मांग की। लोगों ने बताया कि काफी समय पहले लगाए गए लोहे के पोल अब पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं, जो कभी भी धराशायी होकर बड़ा हादसा कर सकते हैं। शिकायतकताओं का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से गुहार लगाने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस मौके पर वार्ड सभासद यशु सैनी ने मोहल्लेवासियों को आश्वासन देते हुए कहा कि वह जल्द ही विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से मिलकर समस्या से अवगत कराएँगे और पोल बदलवाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराएंगे।

# पुलिस ने छात्रा के साथ दुष्कर्म करने वाले शिक्षक को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/मयूर खान



**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना में एक व्यक्ति द्वारा सूचना दी गई कि उसकी 13 साल की बेटी हर्षित त्रिपाठी से कोचिंग पढ़ने टेढ़ी बगिया स्थित उसके घर पर जाती थी। 21 सितंबर को हर्षित त्रिपाठी द्वारा वादिया की पुत्री को कमरे में ले जाकर दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी दी। दहशत में आई छात्रा ने कोचिंग जाना बंद कर दिया। 26 सितंबर को जब उसके पिता ने कोचिंग न जाने का कारण पूछा तो उसने घटना की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना ट्रांस यमुना पर पुलिस टीम का गठन किया गया, गठित पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तार हेतु सम्भावित स्थानों पर लगातार तलाश की जा रही थी, रात को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर शाहदरा सर्विस रोड झरना नाला के पास से अभियुक्त- हर्षित त्रिपाठी पुत्र धर्मेन्द्र त्रिपाठी को गिरफ्तार किया गया।

# पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर जावेद को दबोचा

## सलेमपुर रोड बना मादक पदार्थ तस्करी का गढ़ महिलाएं व बच्चे भी बेच रहे खुली पुड़िया

**वेलकम इंडिया**




**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने के मामले में एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद करते हुए अभियोग दर्ज करने के बाद उसे जेल भेज दिया है। पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर अभिषेक सिंह ने ऑपरेशन सवेरा, नशे के अंधकार से उजाले की ओर अभियान चला रखा है जिसमें लगातार पुलिस मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर रही है।

पुलिस ने नगर एवं क्षेत्र से ऑपरेशन सवेरा के तहत आधा दर्जन से अधिक मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार करते हुए उनकी कमर तोड़कर रख दी है। पुलिस लगातार मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है इसके बावजूद भी थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी हो रही है।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के द्वारा बताया गया कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग पर एक मकान में मादक पदार्थों की तस्करी की जा रही है। उप निरीक्षक नरेंद्र वर्मा ने जब पुलिस टीम के साथ मकान पर छापा मार कार्रवाई की तो मौके से एक मदक पदार्थ तस्कर को पकड़ लिया। पूछताछ करने के बाद मादक पदार्थ तस्कर ने अपना नाम जावेद पुत्र अनीश निवासी सलेमपुर मार्ग बताया। पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर के कब्जे से 350 ग्राम चरस बरामद करते हुए अभियोग दर्ज करने के बाद रविवार को जेल भेज दिया है।

## बड़ी मछली, फरार पुलिस की तलाश है जारी

कांधला। क्षेत्र का सलेमपुर मार्ग मादक पदार्थ तस्करी का गढ़ बन चुका है। पुलिस लगातार सलेमपुर मार्ग पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है इसके बावजूद भी महिलाएं बच्चे एवं युवा तस्करी करने में लगे हुए हैं। सैकड़ो युवक नशे की चपेट में अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो सलेमपुर मार्ग निवासी एक महिला खुलेआम मादक पदार्थों की तस्करी कर रही है। सूत्र बताते हैं कि पुलिस छोटी मछलियों पर कार्रवाई कर रही है और बड़ी मछली पर जाल फेंकने से कतरा रही है। आरोप है कि बड़ी मछलियां खुलेआम मादक पदार्थ के धंधे को अंजाम दे रही हैं शिकायत के बाद भी पुलिस बड़े माफिया पर हाथ नहीं डालती है।

## किशोरी घर से हुई लापता, रिश्तेदार पर शक अभियोग दर्ज

**कांधला।** कस्बे के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने कस्बे के एक व्यक्ति पर पीड़ित की नाबालिग पुत्री को गायब करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।कस्बे के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित की नाबालिग पुत्री पड़ोस में ही एक दुकान पर सामान खरीदने के लिए गई थी। पीड़ित का आरोप है कि काफी तलाश करने के बाद भी पीड़ित की पुत्री का कोई सुराग नहीं लगा। आरोप है कि पहले की दो बार पीड़ित की पुत्री पीड़ित के रिश्तेदार नईम पेंटर के घर से मिली थी। पीड़ित का आरोप है कि पीड़ित को अपने रिश्तेदार पर शक है कि पीड़ित की पुत्री को पीड़ित के रिश्तेदार ने ही गायब कर रखा है।

# मेरठ उद्यमी फाउंडेशन के नवाचारों को मिला निवेश और पहचान का बड़ा मंच

## हमारे स्टार्टअप्स प्रदेश के नवाचार और ग्रामीण उद्यमिता की ताकत हैं: सीईओ डॉ. मधुरी गुप्ता

**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**



**मेरठ।** मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) द्वारा होस्टेड मेरठ उद्यमी फाउंडेशन ने उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में अपने इनक्यूबेटेड स्टार्टअप्स के साथ प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई। फाउंडेशन ने अपने सात प्रमुख स्टार्टअप्स झ जॉइजी, रे वेलनेस, पेपर प्रो, स्वदेशी गाँववाला, त्रिका चाय, अन्नश्री और किसान मल्टीपर्पज एफपीओ झ के लिए प्रदर्शनी में विशेष स्टॉल सुनिश्चित किए। इन स्टार्टअप्स को अपनी नवाचार क्षमता प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों और विभागों ने चयनित किया, जिनमें स्टार्टइन यूपी, इनोवेशन हब डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प ा , ि ा व ि ध ा क विश्वविद्यालय, लखनऊ), तथा डिपार्टमेंट ऑफ हॉर्टीकल्चर एंड फूड प्रोसेसिंग, उत्तर प्रदेश प्रमुख रूप से शामिल रहे।

इस दौरान मायफरीज पेट वेलनेस को मिला निवेशकों के समक्ष प्रस्तुति का अवसर मिला। फाउंडेशन से इनक्यूबेटेड मायफरीज पेट वेलनेस एलएलपी को स्टार्टइन यूपी की चयन समिति द्वारा निवेशकों और मेंटर्स के समक्ष प्रस्तुति के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। यह उपलब्धि न केवल मेरठ उद्यमी फाउंडेशन की बढ़ती पहचान को दर्शाती है, बल्कि प्रदेश के स्टार्टअप इकोसिस्टम में इसकी सक्रिय भूमिका को भी रेखांकित करती है। इस अवसर पर फाउंडेशन की सीईओ डॉ. मधुरी गुप्ता ने कहा, हमारे स्टार्टअप्स की भागीदारी प्रदेश की नवाचार क्षमता और ग्रामीण उद्यमिता की शक्ति का परिचायक है। हमें गर्व है कि हमारे इनक्यूबेटेड उद्यम इस मंच पर अपनी अलग पहचान बना रहे हैं।

# नलकूपों पर हुई चोरी का खुलासा हिस्ट्रीशीटर बदमाश गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** पुलिस ने थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर किसानों के नलकूपों पर हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से चोरी का माल एवं तमंचा बरामद करते हुए जेल भेज दिया है। लगभग एक पखवाड़ा पूर्व थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली क्षेत्र में किसानों के खेतों पर आधा दर्जन से अधिक नलकूपों से चोरों ने कीमती सामान चोरी कर लिया था। इसके अलावा कई स्थानों पर क्षेत्र में चोरों ने अन्य दर्जनो नलकूपों को चोरों ने निशाना बनाया था। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से किसानों में भारी रोष था।

पीड़ित किसानों ने थाने पर तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी थी।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाने के हिस्ट्रीशीटर बदमाश गौरव उर्फ लोकेश पुत्र अशोक निवासी गांव किवाना, को गिरफ्तार करते हुए चोरी का खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने गांव खंद्रावली में दोनों चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की।

बदमाश की निशानदेही पर चोरी किया गया सामान बरामद किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी थाने हिस्ट्रीशीटर बदमाश है, जिस पर पहले भी कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी ने किसानों के नलकूपों पर हुई चोरी की घटनाओं को स्वीकार किया है। उसके कब्जे से चोरी का सामान और अवैध हथियार बरामद किए गए हैं।

## थाने में बंद बड़े 392 लीटर शराब को किया गया नष्ट

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद थाना परिसर में रविवार की दोपहर में अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 8 के आदेश पर मिजार्मुराद पुलिस द्वारा वर्षों से बंद बड़े अवैध अंग्रेजी व कच्ची शराब को थाना परिसर में एक गड्ढे में नष्ट किया गया।शराब नष्ट के दौरान एसीपी रोहनिया/कार्यपालक मजिस्ट्रेट राजातालाब संजीव शर्मा, एसीपी राजातालाब अजय कुमार श्रीवास्तव, मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय, चौकी प्रभारी कछवांरोड गणेश पटेल, व दिवान दिनेश यादव मौजूद रहे।थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि ये सभी शराब अवैध रूप से थे जिसको पुलिस के द्वारा पकड़ा गया पकड़े गए शराब संबन्धी मिजार्मुराद थाने में मुकदमा दर्ज था और माला खाने में पड़ा हुआ तो टोटल अंग्रेजी व कच्ची शराब मिलाकर 392 लीटर था जिसको अधिकारियों के निर्देश पर मालगृह से निकलवाकर थाना परिसर में ही एक तरफ गड्ढा बनाकर उसी में डलवाकर समस्त माल का नियमानुसार नष्ट कराया गया।

## एमआईईटी में डांडिया महोत्सव

# गरबा की थाप पर थिरके कदम, गुजराती रंग में रंगा कैंपस






**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**

**मेरठ।** नवरात्रि के पावन अवसर पर एमआईईटी का कैंपस पारंपरिक डांडिया और गरबा की धुनों से झूम उठा। बागपत बाईपास क्रॉसिंग स्थित एमआईईटी परिसर में आयोजित भव्य डांडिया महोत्सव में छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में सजीव रंग बिखेरते हुए भारतीय संस्कृति की अद्भुत छटा प्रस्तुत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ एमआईईटी के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, कैंपस निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. हनी तोमर, चीफ प्रॉक्टर डॉ. राणा तोप सिंह पुंडीर, डीन एकेडमिक्स डॉ. संजीव सिंह, डीन डॉ विनीत अग्रवाल और मीडिया हेड अजय चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पारंपरिक पोशाक में प्रस्तुत किए। संगीत की ताल पर शुरू हुआ यह आयोजन जैसे-जैसे आगे बढ़ा, उत्साह अपने चरम पर पहुंच गया। डीजे ऐड्डी के ऊजार्वान संगीत पर युवाओं ने देर रात तक गरबा और डांडिया की थाप पर जमकर नृत्य किया। रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक सजावट और पारंपरिक परिधानों से सजे छात्र-छात्राओं ने वातावरण को पूरी तरह गुजरात के डांडिया महोत्सव में बदल दिया। छात्राओं के लहंगे-चोली और छात्रों के कुर्ता-पायजामा तथा काठियावाड़ी परिधान ने कार्यक्रम को और भी मनोहारी बना दिया। इस दौरान फैकल्टी सदस्य भी छात्रों के उत्साह में शामिल हुए और तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। एमआईईटी मीडिया हेड अजय चौधरी ने कहा की डांडिया नाइट का उद्देश्य न केवल छात्रों को मनोरंजन का अवसर प्रदान करना था, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति युवाओं में जुड़ाव को और मजबूत करना भी है।

## आत्मरक्षा हेतु निशुल्क कराटे प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**

**मेरठ।** रविवार को बाले राम बृजभूषण सरस्वती शिशु मंदिर डी ब्लॉक शास्त्री नगर मेरठ में नवरात्रि के उपलक्ष में मां दुर्गा के स्वरूप बेटियों के लिए निशुल्क कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका आयोजन शोतोकान चिकारा कराटे डू फेडरेशन इंडिया द्वारा किया गया जिसमें लगभग 100 से भी ज्यादा लड़कियों ने भाग लिया कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार शर्मा वह संस्था के अध्यक्ष डॉ तरुण गोयल वह महासचिव शिहान सुनील कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाज सेवी श्रीमती जूही त्यागी उपस्थिति रही जिन्होंने विजेता बच्चियों को मेडल पहनकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी वह कार्यक्रम के आयोजक सुनील कुमार को शुभकामनाएं प्रेषित की वह इतनी सुंदर और अति महत्वपूर्ण कार्य को करने के लिए प्रोत्साहित किया इनके साथ ही सुधा गुप्ता, गौरव शर्मा, एडवोकेट अजय भारद्वाज आदित्य नारायण अनुज तोमर ने बच्चियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए मेडल पहनाए।

## शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 118वीं जयंती मनाई



**कांधला।** रविवार को खंड विकास क्षेत्र के गांव भभीसा में शहीद भगत सिंह चौक पर महान क्रांतिकारी शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 118वीं जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। दर्जनों युवाओं ने प्रोग्राम उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। ग्रामीणों और युवाओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। युवा समाजसेवी अनुज जावला ने कहा कि भगत सिंह केवल क्रांति का प्रतीक नहीं थे, बल्कि वे विचारों की ऐसी मशाल थे, जिन्होंने पूरे राष्ट्र के युवाओं के हृदय में स्वतंत्रता की लौ प्रज्वलित की। उन्होंने कम उम्र में ही अन्याय और गुलामी की जंजीरों को तोड़ने का बीड़ा उठाया और अपने प्रखर लेखों, भाषणों और क्रांतिकारी कार्यों से युवाओं को जगाने का काम किया।

# मछली पकड़ने गया युवक डूबा, शव बरामद, परिजनों में मचा कोहराम

**वेलकम इंडिया मोहम्मद असलम**



**लखीमपुर खीरी।** जिले के भीरा थाना क्षेत्र में शनिवार को एक दुखद घटना सामने आई। मुड़िया हेमसिंह निवासी 20 वर्षीय सलमान पुत्र छोटे शाह बेलहा सिकटिहा के बरोछा में मछली पकड़ने गया था, जहां गहरे पानी में डूब गया। सूचना मिलने पर पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे और युवक की तलाश शुरू की। सलमान अपने पांच अन्य साथियों शाहरुख (20), मररू शाह (50), मंझिले (26), नबी (10) और फारूक (12) के साथ सुबह करीब 9:30 बजे मछली पकड़ने के लिए घर से निकला था। बरोछा में मछली पकड़ते समय सलमान गहरे पानी में फिसल गया और फंसकर हाथ-पैर चलाने लगा।

प्रत्यक्षदर्शी शाहरुख ने सलमान को डूबते देखा और उसे बचाने के लिए मछली पकड़ने वाली लग्गी देने का प्रयास किया। हालांकि, लग्गी छोटी होने के कारण सलमान को बचाया नहीं जा सका। उसके साथी नबी 10 वर्षीय और फारुख 12 वर्षीय ने शोर मचाया, जिससे आसपास के अन्य साथी और ग्रामीण नदी किनारे जमा हो गए। स्थानीय गोताखोरों के सहारे पुलिस तलाश कर रही।

घटना की सूचना मिलते ही भीरा थानाध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह और उपनिरीक्षक अवनीश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग, फायर ब्रिगेड और स्थानीय गोताखोरों को भी मौके पर पहुचे, जो सलमान की तलाश में जुटे हुए हैं। हालांकि, शानिवार को दोपहर तीन बजे के करीब नदी से शव की तलाश हो गई। सलमान के डूबने की खबर सुनकर उसकी मां आयशा और पिता छोटे शाह का रो-रोकर बुरा हाल है। पिता छोटे शाह ने बताया कि उन्होंने सलमान को आज मछली पकड़ने जाने से मना किया था, लेकिन वह अपने दोस्तों के साथ निकल गया था। शव मिलने की सूचना के बाद परिवार में मातम पसरा है।

# बरवाला में नमो यूथ मैराथन में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने दौड़ लगाकर युवाओं का बढ़ाया हौसला

**वेलकम इंडिया**



**हिसार (राजेश सलूजा)।** नमो यूथ मैराथन-2025 के तहत रविवार को बरवाला में हजारों युवाओं ने दौड़ लगाकर देशप्रेम और अनुशासन का संदेश दिया और नशे के जड़मूल से खात्मे का संकल्प लिया। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने बस अड्डा के समीप महाराजा अग्रसेन चौक से यूथ मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया और युवाओं की हौसला अफजाई के लिए खुद भी उनके साथ दौड़ लगाई। मैराथन में हजारों की संख्या में क्षेत्र के नागरिकों विशेषकर युवाओं ने हिस्सा लिया।

अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने फिट इंडिया मूवमेंट, राहगिरी, साइक्लोथॉन, मैराथन तथा धाकड़ जैसे अनूठे कार्यक्रम शुरू करके नशे पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने युवाओं के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश भर में 2700 से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इन कार्यक्रमों में लाखों लोगों ने भागीदारी की है।

नशे के जड़ से खात्मे के लिए जिला, रेंज और राज्य स्तर पर एंटी नारकोटिक्स सेल गठित किए गए है। प्रदेश में 162 नशा मुक्ति केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। सरकारी मेडिकल कॉलेजों में भी नशा मुक्ति वार्ड स्थापित किए गए हैं, इसके अलावा 13 जिलों के नागरिक अस्पतालों में नशा मुक्ति केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इन सभी प्रयासों के फलस्वरूप अभी तक 3350 गांव और शहरों के 876 वार्ड को नशा मुक्त घोषित किया गया है। इसलिए नशे का जड़-मूल से नाश करने के लिए केंद्र व हरियाणा सरकार ने नशा मुक्त अभियान को जन आंदोलन बनाया है। मैराथन कार्यक्रम में प्रशंसनीय कार्य करने वाले युवाओं को भी सम्मानित किया गया।

## संत गोरखनाथ चिल्ड्रन एकेडमी में संपन्न हुआ कन्या पूजन

**कांधला।** नगर के मोहल्ला शेखजादगान स्थित संत गोरखनाथ चिल्ड्रन एकेडमी विद्यालय में नवरात्रों के पावन पर्व एवं विजयदशमी की पूर्व संध्या पर कन्या पूजन बड़े धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय प्रांगण में सजे-धजे पंडाल में छात्राओं ने देवी स्वरूप धारण कर सुंदर प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें देखकर उपस्थित लोग भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम में विद्यालय निदेशक ऊषा मित्तल, प्रबंधक क्षितिज मित्तल, प्रधानाचार्य रंजना मित्तल सहित समस्त अध्यापक-स्टाफ ने मंत्रोच्चारण के बीच कन्याओं का पूजन कर उन्हें प्रसाद और उपहार भेंट किए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक क्षितिज मित्तल ने नवरात्रि पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कन्या पूजन को भारतीय संस्कृति और आस्था का अद्भुत प्रतीक बताया।

# विश्व रेबीज दिवस की पूर्व संध्या पर सीएमओ कार्यालय में हुई संगोष्ठी

**वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम**




**लखीमपुर खीरी।** विश्व रेबीज दिवस की पूर्व संध्या पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह हम सभी की जिम्मेदारी भी है कि अगर हमने अपने घरों में पालतू जानवर को पाला है तो उसका समय-समय पर टीकाकरण अवश्य करवाएं। यह उस पालतू जानवर की सुरक्षा के साथ-साथ आपकी सुरक्षा भी है। साथ ही उन्होंने कहा कि रेबीज एक गंभीर बीमारी है, लेकिन समय रहते इलाज और रोकथाम के उपाय अपनाकर इसे पूरी तरह से रोका जा सकता है। रेबीज मुख्यतः संक्रमित कुत्ते, बिल्ली या अन्य जानवर के काटने से फैलता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (हल्ड) के अनुसार हर साल दुनिया भर में लगभग 59 हजार लोग रेबीज के कारण मौत का शिकार होते हैं, जिनमें से 40 प्रतिशत पीड़ित बच्चे होते हैं। सीएमओ डॉ. गुप्ता ने कहा कि कुत्ते या किसी भी जानवर के काटने पर तुरंत प्रभावित स्थान को कम से कम 15 मिनट तक साबुन और पानी से धोना चाहिए तथा तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर टीकाकरण कराना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे पालतू कुत्तों का समय-समय पर टीकाकरण कराएं और आवारा पशुओं से सतर्क रहें। इस संगोष्ठी में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी भाग लिया और सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि जन जागरूकता के माध्यम से रेबीज मुक्त समाज की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान सीएमएस डॉ आरके कोली, एसीएमओ डॉ रवी मोहन गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ अमित सिंह, डॉ पूनम सिंह, डीपीएम अनिल यादव, डीईओ आलोक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# थरबरनगंज में खुलेआम जुआ पुलिस की चुप्पी पर उठे सवाल

**वेलकम इंडिया**

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली मिश्राना पुलिस चौकी के थरबरनगंज इलाके में हर रोज जुए की फड़ खुलेआम सज रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह अवैध गतिविधि लंबे समय से जारी है, लेकिन चौकी पुलिस की अनदेखी इसे और बढ़ावा दे रही है।

थरबरनगंज में दिम के उजाले में ही कुछ विशेष स्थानों पर जुआरी इकट्ठा होते हैं। बताया जा रहा है कि यहां ताश और सट्टे के जरिए रोजाना हजारों रुपए का खेल चलता है। कई बार स्थानीय लोग इस पर आपत्ति भी जता चुके हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकताएं की गईं।

मिश्राना पुलिस चौकी इंचार्ज की भूमिका संदेहों के घेरे में है। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि पुलिस की ह्नमौन स्वीकृतिह्न के बिना इतने बड़े पैमाने पर रोज जुए की फड़ चल पाना संभव नहीं। न तो छापेमारी होती है, न ही गिरफ्तारी की खबर, न ही कोई स्थानीय रोकथाम युवाओं पर बुरा असर जुए की इस खुले खेल से स्थानीय युवाओं पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। कई किशोर और बेरोजगार युवक इस अवैध गतिविधि में शामिल होने लगे हैं, जिससे परिवार और सामाजिक माहौल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

# सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत आईफा में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** भाजपा द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स मोदीनगर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस चित्रकला प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि चौधरी चैन पाल सिंह( जिला अध्यक्ष) एवं मोदीनगर विधायका डॉ. मंजू शिवाच ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रतियोगिता के दौरान भाजपा के नेता एवं कार्यकताओं की बैठक में भारत के लक्ष्य को सशक्त बनाने एवं जन - जन तक अभियान की भावना पहुंचने के लिए अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार साझा किए गए। इस मौके पर भाजपा सैकड़ों कार्यकताओं में स्वदेशी सामान प्रयोग करने एवं खरीदने का शपथ पत्र पर हस्ताक्षर कर शपथ ली । कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र चित्तौड़ा( जिला संयोजक ) ने किया । इस मौके पर सुचिता सिंह( भोजपुर ब्लॉक प्रमुख), प्रदीप बॉस( कार्यक्रम संयोजक ), मयंक शर्मा( कार्यक्रम सहसंयोजक), अमित चौधरी( जिला उपाध्यक्ष), आकाश शर्मा( भाजपा नगर अध्यक्ष), देवेंद्र चौधरी( जिला उपाध्यक्ष) अनिल आर्य( वरिष्ठ भाजपा नेता), सत्येंद्र त्यागी (प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य) देवेंद्र चौधरी (महामंत्री ) उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एवं सभी भाजपा नेताओं इस कार्यक्रम का आयोजन के लिए संस्थान की मैनेजर डॉ. संघर्ष शर्मा का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी भौतेंद्र कुमार, अमित कुमार बंसल. डॉ रूचि विद्यार्थी,प्रीति शर्मा. दीपांशु,प्रशांत,शीतल,स्वीटी,अंजली, पलक आदि का सहयोग रहा।

# अबूपुर में जन समस्या को लेकर निर्माण फाउंडेशन ने धरना प्रदर्शन किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** विकासखंड मुरादनगर स्थित ग्राम अबूपुर में जन समस्या को लेकर निर्माण फाउंडेशन ने धरना प्रदर्शन किया निर्माण फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वर चंद ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र सहित भूड़ मोहल्ले में वर्षो से गंदे पानी का अंबार लगा है। जिससे मरीजों और ग्रामीणों का जीवन संकट में है।

विभाग और प्रशासन आंख मूंदे बैठे हैं। इसी लापरवाही के खिलाफ रविवार को निर्वाण फाउंडेशन के नेतृत्व में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र परिसर के समीप धरना प्रदर्शन शुरू किया। धरनार्थियों ने आरोप लगाया कि टेंडर पास और बजट स्वीकृत होने के बावजूद नाली निर्माण शुरू नहीं किया गया।कागजों में योजनाएँ दिखा कर जनता को धोखा दिया जा रहा है। बीमारियों के खतरे के बीच स्वास्थ्य केंद्र तक पहुँचना मुश्किल हो गया है। ईश्वर चंद्र ने कहा कि जनता स्वास्थ्य केंद्र और भूड़ मोहल्ले से तत्काल जलभराव हटाया जाए। नाली निर्माण कार्य की तारीख और समय सीमा सार्वजनिक की जाए। लापरवाह अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। यदि ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह शांतिपूर्ण धरना जन आंदोलन, अनशन और आमरण अनशन का रूप ले लेगा। यह केवल नाली और जलभराव का मुद्दा नहीं, बल्कि गाँव की जनता के जीवन और स्वास्थ्य का सवाल है। इस मौके पर नितिन चौ., आकाश चोपडा,अरुण,हरपाल, सोनू, दीपक, अलका, विमला, दिव्या, सुचिता, मोंटी, प्रकाश, सुशील, सुरेन्द्र, अमित, सुमित, रोहित, प्रवीण कुमार आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# नींव द स्कूल में नवरात्रि के पावन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** नींव द स्कूल मे छात्र-छात्राओं द्वारा नवरात्रि के उपलक्ष पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ सचिव अमित अग्रवाल, डायरेक्टर डॉड्ट अपर्णा शर्मा एवं वाइस प्रिंसिपल रोमी शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। छात्र-छात्राओं ने देवी के नौ रूप धारण करके दिव्य कला का प्रदर्शन किया। बहुत ही सौम्य एवं दिव्य भजन गायन व नृत्य से विद्यालय का वातावरण पवन एवं शांतिमय हो गया। नींव द स्कूल आशा करता है कि मां दुर्गा यूं ही अपने आशीर्वाद से छात्र-छात्राओं को उनके जीवन में तरक्की दें एवं ऐसे ही सभी छात्र-छात्राएं अपनी संस्कृति से जुड़े रहे।


# उत्थान फाउंडेशन की बढ़ते कदम योजना के अंतर्गत पर्सनैलिटी डेवलपमेंट सत्र आयोजित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** उत्थान फाउंडेशन द्वारा संचालित बढ़ते कदम योजना के अंतर्गत निःशुल्क अंग्रेजी बोलने की कक्षाओं में रविवार को एक विशेष पर्सनैलिटी डेवलपमेंट सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र प्रसिद्ध मोटिवेशनल ट्रेनर हरनीत सिंह हैप्पी ने लिया। यह कार्यक्रम देवेन्द्र पुरी स्थित बड़ा मंदिर परिसर में हुआ, जहाँ हर रविवार को डॉलफि न पब्लिक स्कूल की उप-प्राचार्या रिंकी कंसल विद्यार्थियों को अंग्रेजी बोलचाल की शिक्षा देती हैं। इस अवसर पर लगभग 25 छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सत्र में हरनीत सिंह ने विद्यार्थियों को माइंडसेट, टीमवर्क और कॉन्सन्ट्रेशन जैसे जीवन-निर्माणकारी विषयों पर मार्गदर्शन दिया। समझ को और गहराई से बैठाने के लिए उन्होंने विभिन्न खेलों और गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को सीखने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर हरनीत सिंह का स्वागत सीए राहुल जैन, अध्यक्ष झ उत्थान फाउंडेशन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ज्योति रानी और परविंदर कौर भी उपस्थित रहीं और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। बढ़ते कदम योजना के अंतर्गत एक अन्य कक्षा भी अम्बेडकर पुस्तकालय, मोदीनगर में संचालित की जा रही है, जहाँ सुप्रसिद्ध अंग्रेजी शिक्षिका कविता गुप्ता विद्यार्थियों को अंग्रेजी का व्यावहारिक प्रशिक्षण दे रही हैं। इस पूरी पहल की जानकारी उत्थान फाउंडेशन की संस्थापक सचिव डॉ. सोनिका जैन ने दी। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य शिक्षा और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाना है। उनका कहना था कि भविष्य में भी ऐसे सत्र नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक युवा लाभान्वित हो सकें।

# सुधाकर महिला कालेज में विकसित भारत युवा कनेक्ट प्रोग्राम का आयोजन



(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी :-** पाण्डेयपुर स्थित सुधाकर महिला पीजी कालेज में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा विकसित भारत युवा कनेक्ट प्रोग्राम का आयोजन किया गयो इस अवसर पर मुख्य अतिथि यूथ आइकान शाश्वत पाण्डेप ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत में राष्ट्र का पुननिर्माण करना है छात्राओं ने मुख्य अतिथि से युवा संवाद भी कियो विशेष अतिथि प्रो० श्रद्धानन्द (पूर्व विभागाध्यक्ष,हिन्दी विभाग व पूर्व कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना,महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ) ने कहा कि आप अपने अन्दर आत्मनिर्भरता के बीज बोयेंगें तभी आप एक व्यवस्थित समाज और विकसित भारत का निर्माण कर सकेंगे। सुधाकर महिला पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर अशोक कुमार पाण्डेय ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री के प्रायोजित ड्रीम प्रोजेक्ट यूथ कनेक्ट प्रोग्राम भारत के युवाओं में एक नई स्फूर्ति का संचार कर एक नए विकसित भारत के निर्माण में मिल का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ० सरोज सिंह ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ० आशुतोष मिश्रा ने कियो कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन सरस्वती जी,संस्थापक व संस्थापिका के माल्यार्पण से हुओ अतिथियों का स्वागत प्राचार्य डॉ० अशोक कुमार पाण्डेय ने कियो छात्राओं द्वारा गणेश वंदना,स्वागत गीत नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।

# एनवायरमेंट क्लब ने रेलवे स्टेशन पर चलाया स्वच्छता अभियान




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** एनवायरमेंट क्लब द्वारा नगर पालिका मोदीनगर के साथ स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मोदीनगर रेलवे स्टेशन पर वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसकी शुरूआत स्टेशन के बाहर से शुरू हुई। क्लब टीम ने नगर पालिका मोदीनगर के स्वच्छता मित्रों/ कर्मचारियों के साथ मुख्य रूप से प्लास्टिक कूड़ा साफ किया और उसे रिसाइक्लिंग हेतु एकत्रित किया। क्लब के युवाओं ने स्टेशन पर बैठे यात्रियों को जागरूक भी किया कि कपड़े के थैले प्रयोग करने पर जोर दें, प्लास्टिक का उपयोग कम से कम या ना ही करें। लोगों को गंदगी ना फैलाने व स्वच्छता का संदेश फैलाने को लेकर आवाह्न भी किया गया। क्लब की युवा टीम ने प्लास्टिक के ढक्कन, पन्नी, बोतल, चिप्स के पैकेट आदि साफ किए। स्वच्छता अभियान के अंत में स्टेशन के बाहर सभी ने स्वच्छता की शपथ ली। एकत्रित हुए करीब 25 किलो प्लास्टिक कचरे को रिसाइक्लिंग हेतु नगर पालिका को सौंपा गया। आज के कार्यक्रम में नगर पालिका से सुपरवाइजर विनेश व क्लब संस्थापक सावन कनौजिया, उत्कर्ष शर्मा, मोहित, अर्शी त्यागी, किट्टू, रोहित कुमार व लक्ष्य निचंत आदि मौजूद रहे।

# अग्रकुल शिरोमणि महाराजा अग्रसेन जी जयंती धूमधाम के साथ मनाई

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** वैश्य समाज कल्याण समिति मोदीनगर द्वारा अग्रकुल शिरोमणि महाराजा अग्रसेन जी की 5149 वी जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ प्रेमचंद अग्रवाल विधायक ऋषिकेश उत्तराखंड पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तराखंड एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड सरकार आनंद अग्रवाल आईपीएस प्रमोद कुमार मित्तल राष्ट्रीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन अध्यक्षता कौशल किशोर वार्ष्णेय एफसीए सुशील कुमार जैन पूर्व मंत्री रामकिशोर अग्रवाल दिनेश सिंघल पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मूलचंद गर्ग और मंच संचालक अध्यक्ष मुन्नू अग्रवाल और संयोजक अजय गुप्ता ने की इस अवसर पर महासचिव संजय गुप्ता कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता एडवोकेट आशीष कुमार बिश्नोई एडवोकेट राजकुमार गुप्ता प्रवीण मित्तल सभासद ललित मित्तल एडवोकेट जयप्रकाश बंसल अशोक गर्ग अरविंद गर्ग संजय गुप्ता मंडी पूर्व प्रधानाचार्य बीवी बंसल आतिश गुप्ता प्रमोद अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉक्टर प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि वैश्य समाज की देश के सभी कार्यों में भागीदारी है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने सभी को दशहरा दीपावली छठ पूजा और गंगा स्नान की शुभकामना दी और शहर की विधायक डॉ मंजू शिवाच ने कहा कि वैश्य समाज कल्याण समिति मोदीनगर द्वारा हर वर्ष जयंती बड़े उल्लास से मनाई जाती है यह जयंती पर्व पिछले 30 वर्षों से मनाई जा रही है वैश्य कल्याण समिति मोदीनगर ने पार्क के बाहर एक भव्य भंडारे का आयोजन भी किया जो साय 5:00 बजे तक जारी रहा।

# नगर आयुक्त ने चितईपुर वार्ड में किया पौधारोपण

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी :-** चितईपुर वार्ड में होप वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा नगर निगम के सहयोग से पौधारोपण अभियान की शुरूआत की गई इस अवसर पर नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की वृद्ध माताओं को होप वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा तिरपाल और बाल्टी वितरित की गई रविवार कों कुल 50 पौधे लगाए गए तथा आसपास के 12 लोगों को पर्यावरण मित्र बनाया गया जिनका उत्तरदायित्व इन पौधों की देखभाल एवं संरक्षण करना होगो इस अवसर पर नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने कहा कि होप वेलफेयर ट्रस्ट संस्था द्वारा किये जा रहे कार्य बहुत सकारात्मक है एवं इससे समाज की मदद होती है जो सराहनीय है। बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान से लोग जुड़ेंगे तो ग्रीन काशी का सपना अवश्य सफल होगा। कि समाज को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा हो नगर निगम के सहयोग से चलाए जा रहे इस अभियान में अधिक से अधिक लोग जुड़ें,यही हमारी अपील है।

# सामाजिक संस्था प्रबुद्धजन काशी न्यास, नेटक्योर बायोटेक एवं न्यू लाइफ के सौजन्य से निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर एवं दवा वितरण का आयोजन

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी :-** सामाजिक संस्था प्रबुद्धजन काशी न्यास,नेटक्योर बायोटेक एवं न्यू लाइफ के सौजन्य से लहरतारा क्षेत्र के महेशपुर में निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर एवं दवा वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें क्षेत्र के लगभग दो सौ लोगों ने चिकित्सकीय परामर्श के साथ निशुल्क दवा प्राप्त कियो इस अवसर पर होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर नेहा गुप्ता ने बताया कि होम्योपैथिक दवाई बहुत तेजी से काम करती है एवं शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत करने में सहायक होती है वरिष्ठ चिकित्सक डाक्टर कृष्णामोहन यादव ने बताया कि होम्योपैथिक दवाएं प्राकृतिक स्रोतों से बनाई जाती है इसलिए ये दवाई हानिकारक नहीं होती और जिस रोग का कहीं इलाज संभव नहीं होता है उसे होम्योपैथिक दवाओं द्वारा जड़ से ठीक किया जाता है। संस्था अध्यक्ष डाक्टर संजय सिंह गौतम ने बताया कि विगत पांच वर्षो कोरोना काल से लगातार शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाकर सेवा ही परम धर्म को चरितार्थ किया जा रहा है। इस अवसर पर मनीष तिवारी,डाक्टर प्रणय सिंह, पंकज, संजय,अनूप चौधरी,विकास , ठाकुर कुश प्रताप सिंह,अवनीश सिंह, रोहित,बालेंद्र,रविंद्र केसरी,हरदेव सिंह, अब्दुल रब्बानी आदि लोगों ने भी सहयोग प्रदान किया।

# विश्व रैबीज दिवस पर नगर निगम परिसर में लगा नि:शुल्क पालतू श्वान जांच शिविर

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी :-** विश्व रैबीज दिवस पर नगर निगम में प्रागंण में पूर्वान्ह 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक निःशुल्क जॉच शिविर लगाया गयो जॉच शिविर में बाहर से आये विशेषज्ञ पशु चिकित्कों के द्वारा 121 पालतू श्वानों एवं 11 पालतू बिल्लियों की जॉच एवं उनका टीकाकरण किया गया तथा नागरिकों के द्वारा अपने 55 पालतू श्वानों का पंजीकरण कराया गयो लगाये गये जॉच शिविर में बाहर से आये डाक्टरों के द्वारा श्वानों एवं बिल्लियों के कान,नाक,मुह,पेट इत्यादि की जॉच की गयी तथा आवश्यक दवायें निःशुल्क प्रदान की गयी शिविर में 55 लोगों के द्वारा आपे पालतू श्वानों का पंजीकरण कराया गयो इस आयोजन में आये हुये श्वान पालकों को रैबीज बीमारी के बारे में बताया गयो नगर निगम के पशु कल्याण अधिकारी डा0 संतोष पाल के द्वारा श्वान पालकों से आग्रह किया गया कि वे अपने श्वानों का आवश्यक रूप से स्मार्ट काशी एप के माध्यम से अपने श्वानों का पंजीकरण करायें तथा टीकाकरण करायें। शिविर में नगर निगम के पशु कल्याण अधिकारी डा0 संतोष पाल,सी0आर0सी0 रामनगर पशु चिकित्साधिकारी डा0 सुधीर कुमार सिंह,डा0 राकेश सिंह,डा0 एन0पी0 सिंह,डा0 आर0ए0 वर्मा,डा0 विश्वजीत,डा0 विनोद,डा0 विमलेश, डा0 अनुपम श्रीवास्तव,डा0 लवलेश सिंह आदि ने श्वानों एवं बिल्लियों की जॉच की।

# महानगर के 20 मंडलों में गूँजा प्रधानमंत्री मोदी का मन की बात

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात रविवार को महानगर के सभी 20 मंडलों के प्रत्येक बूथ पर उत्साह और श्रद्धा के साथ सुना गया। नागरिकों और कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री जी के विचारों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने नवरात्रि, दुर्गा पूजा, छठ पर्व और विजयदशमी जैसे पर्वों की महत्ता को रेखांकित किया और नारी शक्ति का अभिनंदन किया।

उन्होंने महर्षि वाल्मीकि और निषाद राज की स्मृति को नमन किया तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष का उल्लेख करते हुए सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों को पुनः जाग्रत करने का आह्वान किया। मोदी जी ने भगत सिंह और लता मंगेशकर जैसी विभूतियों को नमन किया और नागरिकों से 'वोकल फॉर लोकल, खादी क्रय, जीएसटी बचत उत्सव और स्वदेशी उत्पादों के उपयोग पर बल दिया। दीपावली महापर्व की शुभकामनाएँ भी प्रधानमंत्री ने देशवासियों को दीं। सांसद अतुल गर्ग ने सांसद खेल महोत्सव के दौरान वसुंधरा मंडल के बूथ संख्या 317 पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और कार्यकताओं के साथ 'मन की बात सुनी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का संदेश आत्मनिर्भर भारत और स्वच्छ भारत की दिशा में जन-जन को प्रेरित करता है। संगठन की जड़ें बूथ स्तर पर मजबूत होकर ही राष्ट्रहित के कार्य को गति देती हैं। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि 'मन की बात समाज को जागरूक करने और राष्ट्रहित में जोडे का सशक्त माध्यम है। भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर पर संगठन को सुदृढ़ कर प्रधानमंत्री जी के संदेश को घर-घर तक पहुँचा रहे हैं। गोविंदपुरम मंडल के रहीसपुर गांव स्थित बूथ संख्या 272 पर मंडल उपाध्यक्ष राजकुमार चौधरी के निवास पर 'मन की बात कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने कहा कि 'मन की बात केवल संवाद नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। यह कार्यक्रम हमें आत्मनिर्भर भारत, स्वच्छ भारत और सेवा भाव की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान रहीसपुर में सुधीर चौधरी, रामवीर चौधरी, सुभाष चौधरी, बाबूराम, अमन, दीपक प्रसाद यादव, राकेश चौधरी, अंकित जडेजा, निक्की, आकाश, अरुण, अंकुर और नितिन सहित अनेक कार्यकताओं ने उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं वसुंधरा मंडल में महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, विनीत त्यागी, सतेंद्र चौधरी, अनिल शर्मा और सरदार बलप्रीत सिंह समेत अनेक कार्यकताओं और खेल प्रतिभागियों ने भाग लिया। महानगर के सभी मंडलों में 'मन की बात कार्यक्रम शांति, उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। अंत में कार्यकताओं और नागरिकों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे आत्मनिर्भर भारत, स्वच्छ भारत और राष्ट्रहित के संदेश को जीवन में उतारकर समाज में जागरूकता फैलाएँगे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष (2025-26): नवसंवाद के साथ राष्ट्र निर्माण की ओर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** विजयादशमी 2025 से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। 100 वर्षों का यह पड़ाव केवल संघ की यात्रा का उत्सव नहीं है, बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र और समाज के लिए आत्ममंथन, नवचेतना और दृढ़ संकल्प का ऐतिहासिक अवसर है। संघ एक सदी के अनुभव और संस्कार के साथ अब नवसंवाद द्वारा समाजोत्थान और राष्ट्र निर्माण की गति को और सशक्त करने जा रहा है। संघ का शताब्दी वर्ष भारत की सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता और संगठन शक्ति का उत्कर्ष करने का संकल्प है। इसका लक्ष्य है-हर परिवार और नागरिक में उत्तरदायित्व-बोध जागृत कर समरस, सशक्त और संगठित भारत का निर्माण। इसका प्रतीक वाक्य हैः एक शताब्दी, एक उद्देश्यः राष्ट्रहित सर्वोपरि। मूल संदेश हैः संघर्ष, सेवा, समर्पण और संस्कार-नवचेतना का शतक। शताब्दी वर्ष का केंद्रीय भाव पंच परिवर्तन अभियान है, जिसके अंतर्गत समाज और व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास होगा। इसमें स्वअनुशासन और कर्तव्यनिष्ठ जीवन, संस्कारित परिवार, नागरिक उत्तरदायित्व, सामाजिक समरसता और पर्यावरण संरक्षण को जीवन का आधार बनाने का संकल्प है। गाजियाबाद विभाग ने शताब्दी वर्ष को राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन का रूप देने के लिए विस्तृत कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की है। इनमें विजयदशमी पर पथ संचलन, घर-घर संपर्क अभियान, बस्ती स्तर पर हिंदू सम्मेलन, प्रबुद्ध जनों की गोष्ठियाँ, नगर स्तर पर सद्भाव बैठक, युवा सम्मेलन और अधिकतम शाखा अभियान जैसे आयोजन शामिल हैं।

# सिहानीगेट में ऑटो टप्पेबाजों ने महिला से 20 हजार रुपये और जेवर की ठगी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सिहानीगेट थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ स्मार्ट टप्पेबाजी की घटना सामने आई। महिला अपने बैग में रखे 20 हजार रुपये, एटीएम कार्ड और मंगलसूत्र के साथ ऑटो में बैठी थी, जिसे चारबाजारी गैंग ने चालाकी से हथिया लिया। आरोपी ऑटो खराब होने का बहाना बनाकर महिला को रास्ते में उतारकर फरार हो गए। थाना भीपा, जिला मुजफ्फरनगर के गांव भीकरहेड़ी निवासी ऋषिपाल ने बताया कि उनका भाई सहसरपाल और भाभी अनीता अपने बच्चों के साथ भूड़ कॉलोनी शिव मंदिर के सामने बाली गली, थाना सूरजपुर, जिला गौतमबुद्धनगर में रहते हैं।

## घर लौटे भाई ने देखा फंदे से लटकता शव, पुलिस जांच में जुटी

**साहिबाबाद।** न्यू हिंडन विहार के बालाजी विहार इलाके में शनिवार को उस समय सनसनी फैल गई जब 40 वर्षीय मजदूर ने अपने ही घर में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली।

मृतक की पहचान चरण सिंह के रूप में हुई है। घटना से पहले उन्होंने अपने भाई से कहा था कि आज उनका आखिरी दिन है। चरण सिंह रोजाना की तरह शनिवार सुबह काम पर निकलने की तैयारी कर रहे थे। परिजनों के अनुसार वह कुछ दिनों से अवसाद (डिप्रेशन) में थे। सुबह उन्होंने अपने भाई से यह कहकर घर से कदम बाहर रखा कि आज उनका आखिरी दिन है। दोपहर तक जब वह काम पर नहीं पहुंचे तो उनके भाई को चिंता हुई। घर लौटने पर चरण सिंह को पंखे से लटका देख परिजन और पड़ोसी दंग रह गए। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक की पत्नी और पड़ोसी घर पहुंचे। सबने मिलकर शव को फंदे से उतारा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार चरण सिंह ने 2016 में कोर्ट मैरिज की थी। उनकी पहली पत्नी से उनके चार बच्चे भी हैं। परिवार के मुताबिक वह बीते कुछ समय से मानसिक तनाव में रह रहे थे, हालांकि तनाव का कारण स्पष्ट नहीं है।

## थाना इंदिरापुरम पुलिस की मुठभेड़ में स्नैचर गिरफ्तार, अवैध तमंचा और चोरी की मोटर साइकिल बरामद

**गाजियाबाद।** थाना इंदिरापुरम पुलिस टीम ने मिशन शक्ति अभियान और महिलाओं के साथ हुई स्नैचिंग व लूट की घटनाओं की रोकथाम के तहत शनिवार को वसुंधरा सेक्टर 2ए पर चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस और अभियुक्त के बीच मुठभेड़ में अभियुक्त यामीन पुत्र मोबीन उर्फ मोमीन निवासी जनता मजदूर कॉलोना थाना वेलकम दिल्ली (उम्र लगभग 29 वर्ष) घायल हुआ। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि अभियुक्त मोटर साइकिल पर बिना नंबर प्लेट के आ रहा था। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन वह नहीं रुका। मोटर साइकिल पर सवार युवक ने तेजी से भागने का प्रयास किया और रास्ते में संतुलन खोकर गिर गया। पुलिस द्वारा पकड ? पर उसने अचानक तमंचा निकालकर जान से मारने की नियत से फायर किया। पुलिस ने न्यूनतम बल का प्रयोग करते हुए जवाबी कार्रवाई की, जिससे अभियुक्त पैर में गोली लगकर घायल हो गया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस, 01 जिन्दा कारतूस, पीली धातु की 01 टिक्की और चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद की। घायल अभियुक्त को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है और अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रचलित है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर हाल ही में प्रहलादगढ़ी इंदिरापुरम और थाना साहिबाबाद क्षेत्र में महिलाओं से चेन स्नैचिंग की थी। चोरी की गई चेन को पिघलाकर टिक्की बना ली थी। गिरफ्तार अभियुक्त ने चोरी की मोटर साइकिल भी इंदिरापुरम क्षेत्र से ही चोरी की थी। वह गाजियाबाद, नोएडा और दिल्ली एनसीआर में राह चलते लोगों से मोबाइल और चेन लूटकर दिल्ली में सस्ते दामों में बेचता था। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा कि यह गिरफ्तारी महिलाओं की सुरक्षा और मिशन शक्ति अभियान के लिए एक बड़ा सफल कदम है। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों और टीम को निर्देश दिए कि ऐसे अपराधियों के खिलाफ सतत कार्रवाई जारी रहे और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। गिरफ्तार अभियुक्त यामीन के खिलाफ थाना इंदिरापुरम में चोरी व स्नैचिंग के 02 अभियोग और थाना साहिबाबाद में लूट व स्नैचिंग के 03 अभियोग पंजीकृत हैं। कुल 05 अभियोग दर्ज हैं। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी पुलिस द्वारा जुटाई जा रही है।

## साइबर अपराधियों ने मसूरी निवासी के खाते से 2.30 लाख रुपये उड़ा दिए, बैंक और पुलिस जांच में जुटी

**गाजियाबाद।** मसूरी निवासी इमरान के खाते से साइबर अपराधियों ने 21 जुलाई 2025 को कुल 2.30 लाख रुपये निकाल लिए। घटना का पता तब चला जब इमरान ने अपने खाते का बैलेंस चेक किया और रकम गायब देखकर वह घबरा गए। इमरान ने तुरंत बैंक पहुंचे और बैंक अधिकारियों को घटना की पूरी जानकारी दी। इमरान का कहना है कि उनका खाता उज्जीयन फाइनेंस बैंक, आरडीसी शाखा में है। साइबर अपराधियों ने पांच अलग–अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से हर बार करीब 46,139 रुपये निकालकर कुल 2.30 लाख रुपये खाते से हड़प लिए। इमरान ने बताया कि यह रकम उन्होंने बड़ी मेहनत से भविष्य के लिए जमा की थी। बैंक अधिकारियों ने इमरान को लिखित आवेदन देने की सलाह दी। इस घटना ने लोगों में बैंकिंग और ऑनलाइन लेन–देन के प्रति डर पैदा कर दिया है। ऑनलाइन लेन–देन करते समय हमेशाबैंक पासवर्ड सुरक्षित रखें और किसी भी संदिग्ध संदेश या कॉल से सावधान रहें। इमरान ने मीडिया से अपील की है कि उनका मामला जल्दी सुलझे ताकि वह अपनी मेहनत की रकम सुरक्षित कर सकें और अन्य लोग भी साइबर अपराधियों से सावधान रहें।

## ट्रांस हिंडन में चार टप्पेबाजों ने महिला से 20 हजार रुपये की ठगी की, दो गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** ट्रांस हिंडन के टोला मोड़ थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ ठगी की सनसनीखेज घटना सामने आई। चार टप्पेबाजों ने महिला को सस्ते दाम में सोने का सिक्का दिलाने का झांसा देकर 20 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जबकि अन्य दो फरार हैं। टीला मीड़ क्षेत्र की अशोक वाटिका निवासी संजना चौधरी ने बताया कि सुहैल और बिलाल ने अपने दो साथियों फरदीन और अरमान के साथ मिलकर उन्हें कम दाम में सोने का सिक्का दिलाने का झांसा दिया। 27 सितंबर की शाम करीब पांच बजे चारों आरोपियों ने उन्हें सिकंदरपुर मार्ग पर बुलाया और बातचीत में उलझाकर 20 हजार रुपये ठग लिए। इसके बाद आरोपी फरार हो गए। एसीपी शालीमार गार्डन अतुम कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों का पता लगाया। लोनी के इराम नगर में किराये के मकान में रहने वाले बिलाल उर्फ हारुन को गिरफ्तार किया गया। उसके निशानदेही पर दिल्ली के मालवीय नगर में रह रहे आरोपी सुहैल को भी गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के पास से 4,900 रुपये बरामद हुए। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि ठगी की शेष राशि उनके साथी फरदीन और अरमान के पास है। एसीपी ने कहा कि दोनों शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई गई है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मिशन शक्ति खेल स्पर्धा में उभरी प्रतिभाएंः 29 सितंबर को हिंदी भवन में होगा प्रमाण पत्र वितरण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** बेसिक शिक्षा विभाग एवं युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में रविवार को जिले के सभी ब्लॉकों में मिशन शक्ति खेल स्पर्धा का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न खेलों में प्रतिभाग कर खिलाडियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिताओं का उद्देश्य नारी शक्ति, युवाओं और विद्यार्थियों को खेलों के माध्यम से आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना से जोडा रहा।

रजापुर ब्लॉक में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख मोनिका चौधरी उपस्थित रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री ओपी यादव शामिल हुए। विजेता खिलाडियों को पदक और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यहाँ 100 मीटर दौड़ में दिया ने प्रथम स्थान, रूपा ने द्वितीय और वंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में राधा प्रथम और वंशिका द्वितीय रहीं। टीम प्रतियोगिताओं में कबड्डी में अटोर ने प्रथम तथा शमशेर ने द्वितीय स्थान हासिल किया, वहीं खो-खो में शमशेर ने प्रथम स्थान पाया। भोजपुर ब्लॉक के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सुचेता चौधरी और विशिष्ट अतिथि बीएसए ओपी यादव उपस्थित रहे। यहाँ 100 मीटर दौड़ में अन्य ने प्रथम स्थान तथा 200 मीटर दौड़ में तनु ने बाजी मारी। टीम प्रतियोगिताओं में कंपोजिट विद्यालय सारा ने खो-खो में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कबड्डी में कंपोजिट विद्यालय बेगमा की टीम विजयी रही। लोनी ब्लॉक की प्रतियोगिताएं कंपोजिट विद्यालय गढ़ी कटियया में हुईं। यहाँ 100 मीटर दौड़ में रिया ने प्रथम स्थान और 200 मीटर दौड़ में राधिका ने विजय हासिल की। भोजपुर ब्लॉक से व्यायाम शिक्षक श्री अरुण चौधरी, रजापुर से अमित चौधरी, लोनी से व्यायाम शिक्षिका मीना त्रिपाठी, मुरादनगर से विनोद कुमार सहित जिला व्यायाम शिक्षक राजकुमार, व्यायाम शिक्षिका प्रीति सिंह और जिला स्काउट मास्टर रामफूल भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त खेल अनुदेशक प्रवीण कुमार, संदीप कुमार, सागर, सिद्धार्थ, बिंदिया, रेखा, प्रमिला, प्रीति गौड़, अरुणा त्यागी, प्रिया शर्मा, राजेंद्र, सचिन तथा युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग से आसमा गोस्वामी, नूतन, सर्वेश कुमार और सौरव यादव ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

# नगर निगम ने मनाया वर्ल्ड रेबीज दिवस, 100 से अधिक कुत्तों का किया गया टीकाकरण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** वर्ल्ड रेबीज दिवस के अवसर पर रविवार को गाजियाबाद नगर निगम ने बड़े पैमाने पर श्वानों का एंटी-रेबीज टीकाकरण अभियान चलाया। इस अभियान में नगर निगम की टीम ने आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों और पशु प्रेमियों के सहयोग से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 100 से अधिक कुत्तों का टीकाकरण किया। उपमुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज कुमार सिंह ने बताया कि नगर निगम द्वारा नियमित रूप से श्वानों का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है और उनके रेबीज टीकाकरण की कार्यवाही भी निरंतर जारी है। वर्ल्ड रेबीज दिवस के अवसर पर शहर के पांचों जोनों में विशेष अभियान चला कर इस महत्वाकांक्षी टीकाकरण कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहरवासियों, आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों और पशु प्रेमियों से अपील की कि वे रेबीज के प्रति जागरूक हों और अपने पालतू और निराश्रित कुत्तों का टीकाकरण सुनिश्चित करें। आयुक्त ने टीकाकरण टीम को भी जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। विशेष रूप से वसुंधरा और इंदिरापुरम क्षेत्रों में टीकाकरण और जागरूकता अभियान चलाया गया। निलाया ग्रीन, रामप्रस्थ और केडीपी ग्रैंड सवाना में भी टीम ने शहरवासियों के साथ मिलकर कुत्तों का टीकाकरण किया और लोगों को रेबीज से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। नगर आयुक्त ने बताया कि शहर हित में श्वानों का रजिस्ट्रेशन और रेबीज टीकाकरण बेहद आवश्यक है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अपने पालतू और अनाथ श्वानों के टीकाकरण में सक्रिय रूप से सहयोग करें, ताकि शहर को रेबीज मुक्त बनाया जा सके।

# सेवा पखवाड़ा में दिव्यांग एवं विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान विधायक अजीत पाल त्यागी ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**गाज़ियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर गाज़ियाबाद द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस उपलक्ष्य में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार, राजनगर में दिव्यांग एवं विशिष्ट व्यक्तियों के सम्मान हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक अजीत पाल त्यागी ने किया। इस अवसर पर भाजपा संगठन के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि सेवा पखवाड़ा हमें यह प्रेरणा देता है कि हम समाज के जरूरतमंद वर्गों के साथ खड़े हों और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ें। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य सेवा को समाज की मूल भावना बनाना है और हर नागरिक राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि दिव्यांगजन राष्ट्र की शक्ति हैं। उन्हें सहयोग और सम्मान देकर ही समावेशी विकास संभव है। इस अवसर पर दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, छड़ी, श्रवण मशीन सहित सहायक उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम में महामंत्री राजेश त्यागी, पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, बॉबी त्यागी, प्रदीप चौधरी, कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र यादव, ललित कश्यप, नीरज त्यागी, बलराम रावल, तरुण शर्मा, राहुल तोमर, पंकज भारद्वाज, गुंजन शर्मा, बीएल गौतम सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस आयुक्त ने मिशन शक्ति 5.0 केंद्र का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** थाना सिहानीगेट में स्थापित मिशन शक्ति 5.0 केंद्र का रविवार को पुलिस आयुक्त जे. रविन्द्र गौड़ ने एसीपी नंदग्राम उपासना पाण्डेय के साथ निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और सहायता हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों का विस्तारपूर्वक अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस आयुक्त ने तकनीकी और मानव संसाधनों की उपलब्धता की समीक्षा की और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि महिलाओं को हर समय त्वरित और प्रभावी सहायता उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति केंद्र महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने हेल्पलाइन, काउंसलिंग कक्ष, प्रशिक्षण कार्यक्रम और शिकायत निवारण प्रणाली का निरीक्षण किया। इसके बाद पुलिस आयुक्त ने केंद्र में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ संवाद करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए महिला शिकायतकताओं के प्रति संवेदनशीलता और तत्परता सुनिश्चित की जाए। शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। एंटी रोमियो स्क्वॉड और महिला बीट योजना का नियमित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। साइबर सुरक्षा और महिला सुरक्षा से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएँ। पुलिस आयुक्त ने कहा कि यह कदम मिशन शक्ति केंद्रों को और अधिक प्रभावी, संवेदनशील और महिला हितैषी बनाने की दिशा में एक ठोस प्रयास है।

